नई दिल्ली
सोमवार, 17 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 28, अंक : 67
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




## एनसीईआरटी ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में किए कई महत्वपूर्ण बदलाव

# अब सिलेबस में नहीं मिलेगी 'बाबरी मस्जिद' अयोध्या वाले चैप्टर पर भी चलाई गई 'कैंची'


*अयोध्या पर अध्याय को चार पेज से घटाकर दो पेज में कर दिया गया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जो अब बाजार में मौजूद हैं। सबसे बड़ा परिवर्तन 'बाबरी मस्जिद' शब्द को हटाना है, जिसे अब नए एडिशन में 'तीन गुंबद वाली संरचना' के रूप में बताया गया है। इसके अतिरिक्त, अयोध्या पर अध्याय को चार पेज से घटाकर दो पेज में कर दिया गया है।

अयोध्या प्रकरण के जो महत्वपूर्ण विवरण जो हटाए गए हैं, उनमें राम जन्मभूमि आंदोलन ▶▶ शेष पेज 7 पर






**किताब में किए गए ये बदलाव**

- संशोधित सिलेबस में अयोध्या के इतिहास का एक नया संस्करण भी है। जहां पुरानी पाठ्यपुस्तक में मीर बाकी को 16वीं शताब्दी में बाबरी मस्जिद बनाने वाला बताया गया है, वहीं नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि तीन गुंबद वाली संरचना श्री राम के जन्मस्थान पर बनाई गई थी और उस संरचना में इसके आंतरिक और बाहरी हिस्सों में हिंदू प्रतीकों और अवशेषों का स्पष्ट प्रदर्शन था।
- पुरानी पाठ्यपुस्तक में फरवरी 1986 में मस्जिद के ताले खोले जाने के बाद दोनों पक्षों की लामबंदी, उसके बाद हुए सांप्रदायिक तनाव और मस्जिद के विध्वंस तथा उसके बाद जनवरी 1993 में हुई हिंसा का विस्तृत विवरण दिया गया है। अब सांप्रदायिक हिंसा या राजनीतिक नतीजों का उल्लेख किए बिना इन घटनाओं का सारांश देने वाला एक छोटा पैराग्राफ जोड़ दिया गया है।
- इसके अलावा, अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के 2019 के फैसले को शामिल करते हुए कानूनी कार्यवाही से लेकर सौहार्दपूर्ण स्वीकृति तक शीर्षक से ▶▶ शेष पेज 7 पर

### किताब में नए बदलावों पर क्या बोले एनसीईआरटी के निदेशक?



एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश सकलानी ने से जब किताब में नए बदलावों को लेकर कई सवाल किए गए तो उन्होंने कहा कि किताबों का भगवाकरण करने का कोई प्रयास नहीं है, भगवाकरण क्या है? इसका क्या मतलब है? जब हम किताबें पब्लिश करते हैं तो हम किसी विचारधारा का पालन नहीं करते हैं। एक्सपर्ट्स ने वही किया है जो उन्हें सिलेबस के लिए सही लगा। बाबरी मस्जिद संदर्भ हटाने पर उन्होंने कहा कि हमने उस मामले पर ताजा अपडेट के अनुसार काम किया है। सबजेक्ट एक्सपर्ट्स ने विचार-विमर्श किया है और आखिर में बुक पब्लिश की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले को सुलझा लिया है, नई चीजों के साथ किताब पब्लिश की गई हैं। 12वीं कक्षा में गोधरा दंगों का संदर्भ हटाया गया, इस पर सकलनी ने कहा कि अगर छात्र हिंसा और दंगों पर पढ़ना चाहते हैं, तो उनके बारे में दूसरी बहुत सी स्टडी मेटेरियल है। हमें न केवल रिपीटेशन को कम करना है, बल्कि यह भी देखना है कि आज क्या रिलेवेंट है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दोषी मिले, तो एनटीए के अफसर भी नहीं बचेंगे



**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2024 एग्जाम विवाद को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनटीए की तरफ से कुछ गड़बड़ियां हैं। एनटीए में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि जो लोग इस धांधली में शामिल होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। शिक्षा मंत्री ने ने ओडिशा के संबलपुर में कहा कि नीट एग्जाम में दो प्रकार की समस्याओं की जानकारी सामने आई है।

### डीपफेक पर बिल ला सकती है सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार एआई डीपफेक वीडियोज और अन्य खतरनाक और फेक ऑनलाइन कंटेंट को रोकने के लिए संसद सत्र में बिल ला सकती है। इस बिल का नाम डिजिटल इंडिया बिल होगा। यह कानून एआई तकनीक का उपयोग करने के बेहतर तरीके भी तलाशेगा। पहले बिल पर एक क्रॉस-पार्टी सहमति प्राप्त करने का सरकार प्रयास करेगी।

## आतंकवाद की कमर तोड़ने केंद्र सरकार ने बनाया बड़ा प्लान

**गृह मंत्री शाह ने कहा हर हाल में आतंकवाद का सफाया होना चाहिए**

# केंद्र का आतंक पर प्रहार स्लीपर सेल पर पड़ेगी मार



*हाईलेवल की बैठक में शाह ने कहा कि हाल में जितनी भी आतंकी घटनाएं हुई है, उनमें एक बड़ा पैटर्न यह देखने को मिला है कि दहशतगर्द चोरी छिपे जम्मू कश्मीर में जंगलों के रास्ते से एंट्री कर रहे हैं। घटनाओं का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि उन सभी रास्तों को बंद किया जाए जहां से विदेशी आतंकवादी घुसने में कामयाब होते हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, पिछले कुछ दिनों में कई मौकों पर आतंकवादियों के साथ सेना का एनकाउंटर हुआ है, कुछ जवान भी शहीद हुए हैं। इस बढ़ते हुए तनाव के बीच में गृहमंत्री अमित शाह ने अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की है। यह बैठक जम्मू कश्मीर की वर्तमान स्थिति को लेकर की गई। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान अमित शाह ने दो टूक कहा है ▶▶ शेष पेज 7 पर

**खास बातें**

- यात्रा मार्गों पर सुरक्षा को और ज्यादा मुस्तैद करें
- जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त फोर्स की तैनाती भी करें
- गृहमंत्री ने जम्मू क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी

**अमरनाथ यात्रियों को दें हर हाल में सुरक्षा का कवच**

**आतंकवाद समर्थकों को बख्शा नहीं जा सकता और उनके खिलाफ हर संभव एक्शन लेना ही होगा**



### किसी भी कीमत पर आतंकवाद नहीं पनपने देंगे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बैठक के दौरान कहा है कि आतंकवाद को कुचलना जरूरी है और किसी भी कीमत पर उसे फिर पनपने नहीं दिया जा सकता। अधिकारियों को संदेश देते हुए शाह ने यहां तक कहा है कि आतंकवाद समर्थकों को बख्शा नहीं जा सकता और उनके खिलाफ हर संभव एक्शन लेना होगा। इस समय जम्मू कश्मीर में ▶▶ शेष पेज 7 पर

## संसद भवन परिसर में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल पर 15 महापुरुषों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित



# उपराष्ट्रपति ने संसद प्रांगण में प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उप राष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार संसद भवन परिसर में संविधान सदन के सामने नवनिर्मित प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, उपसभापति, राज्य सभा हरिवंश एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजु के अलावा कई केंद्रीय मंत्री और सांसद इस अवसर पर उपस्थित थे।लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान शिलापट्ट के अनावरण के पश्चात गणमान्यजनो ने प्रेरणा स्थल में स्थापित प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पहले, मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बिरला ने कहा कि संसद भवन परिसर के अंदर 15 महापुरुषों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं और उनका देश के इतिहास, संस्कृति एवं स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह उल्लेख करते हुए कि ये प्रतिमाएं संसद भवन परिसर में अलग अलग स्थानों पर स्थित थीं जिससे आगंतुकों को इनके दर्शन करने में कठिनाई होती थी, उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से आगंतुकों को पता भी नहीं होता था कि संसद भवन परिसर में किन महापुरुषों की प्रतिमाएँ कहाँ स्थापित हैं।

उन्होंने कहा कि प्रेरणा स्थल के निर्माण का मुख्य उद्देश्य यह है कि संसद परिसर में स्थापित इन प्रतिमाओं को एक स्थान पर एक सुंदर और मनोरम वाटिका में स्थापित किया जाए। इसीलिए यह निर्माण किया गया कि संसद परिसर में आगंतुकों के लिए निर्दिष्ट भ्रमण स्थल का निर्माण हो, यहाँ आने वाले आगंतुक आयें और एक ही स्थान पर हमारे महापुरुषों का दर्शन करें और उन्हें श्रद्धांजलि दें। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष संसद के नए भवन के लोकार्पण के उपरांत संसद परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य निरंतर चल रहा है। संसद भवन परिसर के कायाकल्प की व्यापक योजना में ▶▶ शेष पेज 7 पर

## भारत-अमेरिका के एनएसए के बीच आज होगी द्विपक्षीय बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली सफलता के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यभार संभालने के बाद भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़ी जटिल और उभरती हुई तकनीक (आईसीईटी) की दूसरी बैठक का सोमवार को राजधानी में आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान शिरकत करेंगे। 17 से 18 जून तक होने वाली इस बैठक के जरिए दोनों देशों के सैन्य-सामरिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत में नई सरकार के गठन के बाद अमेरिका के किसी शीर्ष सुरक्षा अधिकारी की नई दिल्ली की यह पहली यात्रा है। अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल ▶▶ शेष पेज 7 पर

## मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर राज्यपाल ने दी अमित शाह को जानकारी, राष्ट्रपति से भी की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मणिपुर के खराब हालात पर संघ प्रमुख मोहन भागवत के सार्वजनिक रूप से चिंता जताने के बाद पहला अवसर है जब सूबे की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मौजूदा हालात पर तफ़्सील से जानकारी दी। माना जा रहा है गृह मंत्री शीघ्र ही राज्य का दौरा ▶▶ शेष पेज 7 पर

**यूक्रेन विवाद पर 'स्विस पीस सम्मेलन' में भारत की दो टूक**

# किसी भी संयुक्त घोषणापत्र या दस्तावेज में शामिल नहीं होगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न शहर में बुर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में यूक्रेन विवाद पर आयोजित किए गए शांति सम्मेलन के समापन पर भारत ने रविवार को यह स्पष्ट कर दिया कि वह इस आयोजन के अंत में जारी किए जाने वाले किसी भी संयुक्त घोषणापत्र और दस्तावेज में शामिल नहीं होगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि शांति सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने कहा कि भारत का मानना है कि केवल वे विकल्प ही स्थायी शांति की ओर ले जा सकते हैं। जो दोनों पक्षों को स्वीकार हों। उन्होंने कहा कि यूक्रेन विवाद को लेकर हम वैश्विक चिंताओं से अवगत हैं और इस समस्या के शांतिपूर्ण समाधान के लिए किसी भी साझा इच्छा का समर्थन करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का मानना है कि इस विवाद के बीच बातचीत और कूटनीति के जरिए ही शांति स्थापित की जा सकती है। अपनी इसी सोच के साथ हम इस सम्मेलन में किसी साझा घोषणापत्र और दस्तावेज में शामिल नहीं हुए हैं।

### दक्षिण पूर्व एशिया से भारत की भागीदारी

गौरतलब है कि हाल ही में इटली के अपूलिया में समाप्त हुए जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद स्विट्जरलैंड में 15 और 16 जून को यूक्रेन विवाद को लेकर इस शांति सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें रूस को आमंत्रित नहीं किया गया। इसी वजह से पहले चीन और फिर पाकिस्तान ने भी सम्मेलन में भागीदारी न करने की घोषणा की थी। ऐसे में दक्षिण पूर्व एशिया से केवल भारत ही एकमात्र ऐसा देश रहा। जो इस आयोजन में शामिल हुआ। दुनियाभर के कुल करीब 90 देशों के राष्ट्रप्रमुखों, संगठनों और प्रतिनिधियों ने इस शांति सम्मेलन में शिरकत की। रूस ने शुरुआत में ही इसे ▶▶ शेष पेज 7 पर



**खबर संक्षेप**

### द्वारका इलाके में पेड़ पर लटकी मिली लाश

**नई दिल्ली।** द्वारका नॉर्थ इलाके में एक पुरुष की पेड़ से लटकी लाश पाई गई। शुरुआती जांच में पुलिस इस घटना को खुदकुशी मानकर चल रही है। मृतक की पहचान रमेश (48) के तौर पर हुई। वह भरत विहार एरिया में रहता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक गेट नंबर एक सेक्टर 14 मेट्रो स्टेशन द्वारका के नजदीक एक व्यक्ति के पेड़ पर लटके होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। क्राइम टीम ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। इसके बाद लाश को पेड़ से नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस को पता चला है कि मृतक स्नैक्स बेचने का काम करता था। पुलिस को मामले में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। किसी भी अंतिम नतीजे पर पहुंचने से पहले पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### कार्डबोर्ड की फैक्ट्री में लगी आग, माल खाक

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के मुंडका में रविवार सुबह तीन मंजिला कार्डबोर्ड की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। करीब 11 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग से फैक्ट्री में रखी मशीनें और लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह 7 बजकर 17 मिनट पर मुंडका औद्योगिक क्षेत्र में पिलर नं 557, गली नं 1, हुंडई शोरूम के पास, खसरा नंबर 83/5/2ओरल इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस व गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की 35 गाड़ियों ने शाम करीब छह बजे आग पर काबू किया। करीब एक हजार गज में बनी फैक्ट्री की तीसरी मंजिल की छत पर टीन शेड डालकर काम होता था। फैक्ट्री में कार्डबोर्ड, गत्ता और एलईडी बनाने का काम होता था। बहरहाल अब पुलिस आग के सही कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला कि फैक्ट्री के बगल में खाली प्लॉट है। उसमें घास और झाड़ियां उगी है। आग वहीं से शुरू होने की आशंका जताई गई है।

# गलत जगह वाहन पार्क करने वालों पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस सख्त

## इस साल 31 मई तक काटे जा चुके 2,40,152 चालान, पिछले साल के मुकाबले 35 प्रतिशत ज्यादा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में गलत वाहन पार्क करने वालों पर ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई भी कर रही है। इस साल 31 मई तक 2,40,152 वाहनों के चालान काटे गये। इस हिसाब से प्रतिदिन औसतन 1579 चालान काटे गए। यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले करीब 35 प्रतिशत ज्यादा बताई जा रही है।

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक इस साल अनुचित पार्किंग के लिए की गई कार्रवाई में काफी बढ़ोतरी हुई है। पुलिस ने अवैध पार्किंग की घटनाओं पर अधिक प्रभावी ढंग से नजर रखने के लिए अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। इस साल 31 मई तक अनुचित पार्किंग के लिए 2,40,152 उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई की गई।

### गत बष इसी समयावधि में 1,77,800 लोगों के खिलाफ एक्शन हुआ था

पिछले साल इसी समयावधि में 1,77,800 लोगों के खिलाफ एक्शन हुआ था। यह कार्रवाई पिछले साल की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके साथ ही पुलिस ने उन 10 ट्रैफिक सर्किल का विश्लेषण भी किया है, जहां पर सबसे ज्यादा चालान काटे गए। ट्रैफिक पुलिस अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों को लगातार उठा भी रही है। खासकर उन क्षेत्रों में जो भारी यातायात से ग्रस्त हैं या नो-पार्किंग जोन के रूप में नामित हैं।



### इन 10 ट्रैफिक सर्किल में किए गए सबसे ज्यादा चालान

| | |
|---|---|
| पंजाबी बाग | 14170 |
| रोहिणी | 9615 |
| समयपुर बादली | 9493 |
| मॉडल टाउन | 9347 |
| सदर बाजार | 9104 |
| कोतवाली | 8441 |
| राजौरी गार्डन | 8219 |
| द्वारका | 8099 |
| कालकाजी | 7950 |
| अशोक विहार | 7860 |

### चलाया जा रहा जन जागरूकता अभियान

अनुचित तरीके से पार्क किए गए वाहनों को तत्काल हटाने से यातायात प्रवाह को सुचारू बनाए रखने और दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने में मदद मिल रही है। ड्राइवरों को पार्किंग नियमों के पालन के महत्व और उल्लंघन के संभावित परिणामों के बारे में शिक्षित करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह के अभियान का उद्देश्य ड्राइवरों के बीच जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना और यातायात कानूनों के अनुपालन को प्रोत्साहित करना है।

## पारा 46 पार दर्ज, दिल्ली में मानसून की दस्तक 27 जून के आसपास होने की उम्मीद

# गर्मी व लू की मार से परेशान राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार को भी दो क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के रिज एरिया में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि आया नगर में 46.2 डिग्री सेल्सियस, पालम 45.3 डिग्री सेल्सियस और लोधी रोड 45.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

आईएमडी ने बताया कि अगर बात समग्र दिल्ली की करें तो औसत तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम तापमान भी 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी का अनुमान है कि दिल्ली वालों को 20 जून से राहत की बारिश देखने को मिल सकती है। वहीं निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली में अभी भी तापमान सामान्य से बहुत ऊपर होने से लोगों को भीषण गर्मी और लू की मार झेलनी पड़ रही है। कंपनी ने अनुमान जताया कि बहुत जल्द दिल्ली एनसीआर वालों को राहत की बौछारें ठंडक दे सकती है। कंपनी की माने तो 18 जून से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है, जिससे थोड़ी उम्मीद है। इसके अलावा उत्तराखंड से उत्तर-पूर्व उत्तर प्रदेश तक बनी एक ट्रफ रेखा के कारण बारिश की स्थिति बनने के आसार हैं। अच्छी खबर यह भी है कि 18 जून की शाम से ही पंजाब के पश्चिमी हिस्सों में छिटपुट बारिश शुरू होने की संभावना है। इसके बाद 19 जून से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बहुत भारी बारिश होगी। भारी बारिश 22 जून तक जारी रहने की उम्मीद है। इस दौरान उत्तर पश्चिमी राजस्थान में छिटपुट बारिश और धूल भरी आंधी चल सकती है। हालांकि, दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में उतनी बारिश नहीं होने की संभावना है।

### 20 जून को हल्की बारिश की होने संभावना

फिर भी दिल्ली में 20 जून को गरज के साथ कुछ हल्की बारिश की उम्मीद कर सकते हैं। लेकिन, यहां ध्यान रखना बहुत जरूरी है कि आने वाली बारिश मानसूनी बारिश नहीं है। फिर भी इस बारिश से पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में पड़ रही चिलचिलाती गर्मी से काफी राहत मिलेगी। कंपनी का कहना है कि उम्मीद है कि 22 जून तक मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करा देगा। वहीं, दिल्लीवासियों को थोड़ा और इंतजार करना होगा। क्योंकि 27 जून के आसपास मानसून की शुरुआत होने की संभावना है, जिसमें दो दिन की त्रुटि (दो दिन बाद या पहले) की संभावना भी हो सकती है। हालांकि, अभी मानसून की बारिश का इंतजार जारी है। फिर भी उत्तर भारत के निवासी प्री-मानसून बारिश की बौछारों से राहत की सांस ले सकते हैं। यह बारिश भीषण गर्मी में बहुत जरूरी ब्रेक लगाएगी। वहीं, यह भी उम्मीद है कि लगातार चलने वाली गर्मी की लहर के खत्म होने का संकेत देगी।





### वायु गुणवत्ता सूचकांक 195 अंक दर्ज

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम छह बजे 195 अंक के साथ 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई "अच्छा", 51 से 100 के बीच "संतोषजनक", 101 से 200 के बीच "मध्यम", 201 से 300 के बीच "खराब", 301 से 400 के बीच "बहुत खराब" और 401 से 500 के बीच "गंभीर" माना जाता है।

### कॉलेज प्राध्यापकों ने लिखा शिक्षा मंत्रालय और यूजीसी को पत्र

**नई दिल्ली।** कॉलेजों में प्राध्यापकों के वरिष्ठता क्रम (सीनियरिटी) में एकरूपता नहीं नहीं होने से कॉलेज के प्राध्यापकों में गहरा रोष है। परिणामस्वरूप कॉलेजों में सहायक प्रोफेसरों के वरिष्ठता क्रम को लेकर एकरूपता नहीं है और वरिष्ठता क्रम को लेकर कॉलेजों में वाद-विवाद खड़ा हो गया है। प्राध्यापकों में तनाव की स्थिति बन गई है। फोरम आफ एकेडमिक फॉर सोशल जस्टिस के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न विभागों और कॉलेजों में ये नियुक्तियां विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई चयन समिति के माध्यम से की गई हैं। लेकिन चयन समिति ने मिनिट्स बनाते समय भारत सरकार की आरक्षण नीति के अंतर्गत भर्ती नीति व कॉलेजों द्वारा बनाए गए रोस्टर के अंतर्गत श्रेणीवार चयनित अभ्यर्थियों का नाम नहीं रखा। फोरम ने कहा कि इसमें आरक्षित वर्ग के प्राध्यापकों के साथ अधिक भेदभाव किया जा रहा है। जूनियर प्राध्यापकों को वरीयता देकर वरिष्ठ बनाया जा रहा है। आरक्षित वर्गों के सहायक प्रोफेसरों के साथ हो रहे इस भेदभाव को लेकर फोरम ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, एससी/एसटी के कल्याणार्थ संसदीय समिति, शिक्षा मंत्रालय व यूजीसी को पत्र लिखकर इस अनियमितता की जांच कराने की मांग की है। साथ ही जिन कॉलेजों में पिछले दो साल में शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति हुई है उनके रोस्टर रजिस्टर की भी जांच कराये जाने की मांग की है।

### स्वागत...




दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और पूर्वी दिल्ली से सांसद एवं भारत सरकार में परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में रविवार को लक्ष्मी नगर से पूर्व 'आप' विधायक नितिन त्यागी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और शाहदरा जिला अध्यक्ष संजय गोयल उपस्थित रहे। फोटो : हरिभूमि

# गर्भवती पत्नी व सास-ससुर का कत्ल करने वाला सजायाफ्ता गिरफ्तार

## जेल से पैरोल मिलने के बाद नहीं किया था सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने ट्रिपल मर्डर केस में आजीवन कारावास की सजा पा चुके मुजरिम को गिरफ्तार किया है। इसने अवैध संबंधों के शक में 2008 में गर्भवती पत्नी और उसके माता पिता की हत्या कर दी थी। इस वारदात को अंजाम देने के बाद उसने एक्सीडेंट की झूठी कहानी भी बनाई थी। पैरोल पर जेल से बाहर निकलने के बाद यह फरार हो गया था। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार 19 अप्रैल 2008 को राजनगर पार्ट 2, पालम गांव में ट्रिपल मर्डर की एक वारदात हुई थी। पुलिस को घटनास्थल पर दो महिलाओं और एक पुरुष की लाश मिली थी। इस घटना की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि परिवार से जुड़े सदस्य नितिन वर्मा को भी घायल हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की तफ्तीश आगे बढ़ी तो वारदात में नितिन का हाथ सामने आया। केस में नितिन को अरेस्ट कर लिया गया। कोर्ट में केस चला, जहां उसे मामले में आजीवन करावास की सजा सुनायी गई। पैरोल मिलने के बाद उसने जेल में वापस सरेंडर नहीं किया। करीब एक साल से वह पुलिस की पकड़ से दूर था। क्राइम ब्रांच को हाल ही में नितिन के बारे में सूचना मिली कि वह पालम कॉलोनी में रह रहा है। उसके बारे में जानकारी जुटायी गई। पता चला कि वह दरियागंज एरिया में काम करता है। हालांकि वहां से एक महीने पहले ही वह काम छोड़ चुका था। अब वह गुवाहाटी में अपना करोबार जमाने की तैयारी कर रहा था। पुलिस से बचने क लिए वह लगातार अपने मोबाइल, सिम और ठिकाने बदलता रहता था। आखिरकार पुलिस ने इसे गुवाहाटी से दबोच लिया।



# उस्मानपुर: प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में 34 वर्षीय एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक विक्की के परिवार ने हत्या के विरोध में सड़क पर शव रखकर लगभग दो घंटे तक जाम लगाए रखा। पुलिस ने बताया कि विक्की के छोटे भाई संजय की भी 26 मार्च को हत्या कर दी गई थी।पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्वी) जॉय टिर्की ने कहा, संजय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसके बड़े भाई विक्की शनिवार को जब स्कूटर से घर लौट रहा था तो उसकी भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारी ने बताया कि उस्मानपुर के शांति मोहल्ला इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार कुछ लोगों ने विक्की का पीछा किया और उस पर तीन गोलियां दागीं। पुलिस उपायुक्त ने कहा, एक गोली विक्की के सिर के पिछले हिस्से में लगी जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर तीन खाली कारतूस मिले हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस को हत्या के पीछे पुरानी रंजिश का संदेह है।

## 4 हजार से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक किया गया प्रशिक्षित

# एनसीवीईटी ने डीएमआरए को प्रदान की दोहरी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी (डीएमआरए) को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) द्वारा दोहरी मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर डीएमआरसी ने खुशी व्यक्त की है। इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि एनसीवीईटी एक विनियामक संस्था है। यह भारत में व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए योग्यता तथा मूल्यांकन प्रक्रियाओं को विनियमित एवं मानकीकृत करने के लिए अधिकृत है।

एनसीवीईटी मान्यता का अर्थ है कि डीएमआरए राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा के अनुसार अनुमोदित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने और राष्ट्रीय क्रेडिट रूपरेखा के अनुसार कड़े व उच्चतम मानकों को पूरा करती है। दयाल के अनुसार प्रमाणन संस्था के रूप में, डीएमआरए को अब व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विकसित करने, प्रशिक्षण प्रदान करने और प्रमाणित करने के लिए मान्यता प्राप्त है। एक मूल्यांकन एजेंसी के रूप में, डीएमआरए को प्रोफेशनलों की योग्यताओं का मूल्यांकन करने और उनका प्रमाणन करने का दायित्व भी दिया गया है। डीएमआरए मेट्रो रेल उद्योग में कुशल प्रोफेशनलों के विकास के लिए समर्पित एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है। अत्याधुनिक सुविधाओं तथा अनुभवी प्रशिक्षकों से सुसज्जित डीएमआरए, एक दिन में 900 से अधिक प्रशिक्षुओं को समायोजित कर सकती है। डीएमआरए कई विशेष रूप से तैयार किए गए कार्यक्रमों के माध्यम से डीएमआरसी के नए भर्ती और मौजूदा कर्मचारियों के साथ-साथ विदेशों सहित अन्य मेट्रो को व्यावहारिक प्रशिक्षण और सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करती है। विगत वर्षों में, डीएमआरए ने डीएमआरसी के 70 हजार से अधिक प्रशिक्षुओं और भारत तथा विदेशों में अन्य मेट्रो के 4 हजार से अधिक प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है। भारत में मुंबई, बैंगलोर और बांग्लादेश में ढाका जैसे विभिन्न अन्य मेट्रो सिस्टम के प्रोफेशनलों ने यहां प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अकादमी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के निर्माण, विकास तथा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आईएसओ 9001:2015 से प्रमाणित है। अकादमी को प्रतिष्ठित, क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) के राष्ट्रीय मानकों के तहत भी मान्यता प्राप्त है। ये प्रमाणन तथा मान्यता डीएमआरए की विशिष्ट प्रशिक्षण पद्धतियों, अत्याधुनिक संसाधनों, विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और कार्यक्षेत्र की विशेषज्ञता के माहौल को बढ़ावा देने के प्रति अटूट समर्पण को रेखांकित करती हैं।



### दिल्ली के पहले सीएम चौधरी ब्रह्म प्रकाश को जयंती पर किया नमन

**नई दिल्ली।** दिल्ली पंचायत संघ ने रविवार को गांव नांगलोई सईदान में पंचायत प्रमुखों की बैठक की। इस मौके पर दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री चौधरी ब्रह्म प्रकाश की जयंती पर उनको नमन किया और उनकी ओर से दिल्ली देहात के गांव, गरीब, ग्रामीण किसानों के उद्धार करने के प्रयासों को याद किया। साथ ही प्रथम मुख्यमंत्री चौण ब्रह्म प्रकाश की जयंती पर आंदोलन शुरू करने का ऐलान करते हुए कहा कि दिल्ली पंचायत संघ गांवों की मांगों को लेकर प्रत्येक गांव व सभी नेताओं के पास जाएगा। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों चौधरी ब्रह्म प्रकाश और साहिब सिंह वर्मा ने दिल्ली व दिल्ली देहात को बिजली, पानी, प्रदूषण, रोजगार, खेती किसानों की समस्याओं के निदान और उत्थान के लिए काम किया। हम उनके कार्यों व मांगों को लेकर चल रहे हैं और समय-समय पर शासन प्रशासन को इनसे अवगत करा रहे हैं। गांवों को स्लम बनाया जा रहा है। लिहाजा गांवों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कार के दरवाजे में छिपाकर कर रहा था हथियार सप्लाई

## सप्लायर दबोचा, 10 पिस्टल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने हथियार तस्करी के मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी कार के दरवाजे में हथियार छिपाकर एक जगह से दूसरी जगह लेकर जाता था। इसके पास से 10 पिस्टल बरामद हुये। गिरफ्त में आये शख्स का नाम 42 वर्षीय तरुण मेहरा बताया गया है। वह उत्तम नगर क्षेत्र का रहने वाला है। डीसीपी प्रतीक्षा गोदरा के अनुसार तरुण मेहरा को आईपी पार्क के मेन गेट, रिंग रोड से पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि यह दिल्ली और पंजाब के अपराधियों को ड्रग्स और अवैध हथियारों की आपूर्ति करता था। इसकी कार के दोनों दरवाजों में एक विशेष जगह बनाकर इन पिस्टलों को छिपाकर रखा था। आरोपी एनडीपीएस एक्ट के केस में पहले भी दो बार अरेस्ट हो चुका था। बाद में यह कालू नामक हथियार सप्लायर के संपर्क में आया। जल्द पैसा कमाने के लिए अवैध हथियार सप्लाई करने लगा। कालू के निर्देश पर वह बुरहानपुर, मध्य प्रदेश के हथियार सप्लायर जेडी से हथियार लाता था।









## केजरीवाल सरकार की कुव्यवस्था और लापरवाही का नतीजा है पानी की कमी : सचदेवा

# जल संकट को लेकर भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ मटका फोड़ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में केजरीवाल सरकार की लापरवाही के कारण लगातार हो रही पानी की किल्लत को लेकर रविवार को दिल्ली भाजपा सांसदों, विधायकों, निगम पार्षदों एवं प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों ने दिल्ली के प्रमुख 14 स्थानों पर आम आदमी पार्टी के खिलाफ मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हम हमेशा से कहते रहे हैं कि दिल्ली के अंदर पानी की कमी कोई प्राकृतिक कारण से नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी और केजरीवाल सरकार की कुव्यवस्था और लापरवाही का नतीजा है और हम जनता की आवाज बनकर सड़कों पर उतरे हैं। इस दौरान दिल्ली भाजपा के नेताओं ने आम आदमी पार्टी की ओर से पानी को लेकर की जा रही गंदी राजनीति का पर्दाफाश किया और कुव्यवस्था एवं टैंकर माफियाओं के साथ मिलकर दिल्ली को बूंद बूंद के लिए तरसाने वाली जल मंत्री आतिशी से इस्तीफे की मांग की। इस दौरान सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चंदोलिया और बांसुरी स्वराज आदि ने अलग-अलग स्थानों पर आयोजित मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन को संबोधित कर आम आदमी पार्टी द्वारा पानी की कालाबाजारी का पर्दाफाश किया।

सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक प्रकाश जारवाल, भावना गौड़, दिनेश मोहंगिया सहित अन्य विधायक एवं पदाधिकारी टैंकर माफियाओं के साथ मिलकर दिल्ली में पानी सप्लाई को एक गौरख धंधा बना दिया है। उन्होंने कहा कि इनका हरियाणा सरकार पर आरोप बिल्कुल निराधार है क्योंकि आज अगर दिल्ली के अंदर टैंकर माफियाओं की चोरी रुक जाए और लिकेज को सुधार ली जाए तो दिल्ली के सभी लोगों को पानी मिलने लगेगा।




### '35 हजार रुपये लेकर पानी का दिया जा रहा है प्राइवेट कनेक्शन'

सचदेवा ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के राजेन्द्र नगर से विधायक दुर्गेश पाठक के क्षेत्र में तो अब 35 हजार रुपये लेकर पानी का प्राइवेट कनेक्शन देने के समाचार सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अगर जनता आज पानी को लेकर त्राहिमाम कर रही है तो सिर्फ इनके निकम्मेपन का नतीजा है। सचदेवा ने कहा कि 600 करोड़ रुपये के लाभ से लेकर जलबोर्ड को 73 हजार करोड़ रुपये के घाटे तक लाने के जिम्मेदार सिर्फ अरविंद केजरीवाल हैं। वहीं, सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि दिल्ली के अंदर लगातार पानी की चोरी हो रही है और उस पर लगाम लगाने की जगह आम आदमी पार्टी के नेता सिर्फ हरियाणा सरकार पर आरोप लगा रही है।

### भाजपा सांसदों ने खोली केजरीवाल सरकार की पोल

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल एक ऐसी सरकार चला रहे हैं जिसमें सिर्फ भ्रष्टाचार का नये से रूप में जन्म होता है। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि जलबोर्ड केजरीवाल सरकार का हमेशा से सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का अड्डा है लेकिन जब भी इस मुद्दे को विधानसभा में भाजपा विधायक उठाते थे तो उन्हे बाहर कर दिया जाता था। सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि हमने रविवार सुबह पर्दाफाश किया कि लीकेज पानी सप्लाई का मुख्य कारण है और द्वारका जल बोर्ड के अधिकारियों को बुलाकर पानी की लीकेज को दिखाया। जबकि सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि एक दशक के शासन काल में भी आम आदमी पार्टी ने जल बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कोई काम नहीं किया जिसके कारण 54 फीसदी वेस्ट या चोरी होता है। विधायक अजय महावर ने कहा कि मैं आतिशी को जल स्थिति पर विधानसभा में बहस की चुनौती देता हू।

### पानी के मुद्दे को लेकर केजरीवाल सरकार हो चुकी है बेनकाब

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार में शराब घोटाले की खूब चर्चा होती है पर सच यह है कि दिल्ली जल बोर्ड का 73 हजार करोड़ का घोटाला सबसे बड़ा घोटाला है। प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि पानी के मुद्दे को लेकर केजरीवाल सरकार बेनकाब हो चुकी है और अब उसके पास दिल्ली की जनता को जवाब देने के लिए कुछ नहीं बचा है। प्रदेश उपाध्यक्ष गजेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में पानी की लगातार हो रही किल्लतों का मूल कारण भ्रष्टाचार है। प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने कहा कि दिल्ली में जब हर साल पानी की किल्लत होती है तो केजरीवाल सरकार ने इसका कोई इंतजाम क्यों नहीं किया।

# द्वारका में पानी भरने को लेकर हुए झगड़े में तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ छतरपुर में जलबोर्ड कार्यालय में की गई तोड़फोड़

राजधानी में पानी के मुद्दे को लेकर राजनीति गर्मायी हुई है। इस सबके बीच कई जगहों पर पानी भरने की मारा मारी भी सामने आने लगी है। ताजा मामले में द्वारका सेक्टर 23 में पहले पानी भरने को लेकर हुये झगड़े में तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद तीनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में इस मामले को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मिली शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किए। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

पुलिस के मुताबिक सार्वजनिक नल से पानी भरने को लेकर हुए विवाद के मद्देनजर दो पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला दो पक्षों के बीच हुई लड़ाई में तीन लोग घायल हो गए हैं। उन्हें इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस झगड़े के पीछे किसी भी तरह का सांप्रदायिक एंगल नहीं है। दोनों पक्ष की ओर से पुलिस ने शिकायत लेकर दो क्रॉस केस दर्ज किए हैं।

वहीं, साउथ दिल्ली के छतरपुर स्थित जलबोर्ड कार्यालय में रविवार को तोड़फोड़ की घटना सामने आई। पानी के मसले पर बीजेपी ने वहां विरोध प्रदर्शन बीजेपी किया था, जिसमें पूर्व सांसद रमेश विधूडी समेत बड़ी संख्या में लोग भी शामिल हुए। इस प्रदर्शन के दौरान लोगों ने जलबोर्ड कार्यालय के मटके फेंक शीशे तोड़ दिए। अब पुलिस सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी में जुटी है।

### जल शोधन में सीजन में पहली बार 55 एमजीडी की कमी

नई दिल्ली। दिल्ली इन दिनों भीषण गर्मी के साथ साथ भीषण जल संकट से भी बुरी तरह जूझ रही है। केजरीवाल सरकार से लेकर डीजेबी तक आपूर्ति को सुचारू करने के लिए दिन रात एक करने के दावे कर रहे है बावजूद हालात सुधरने की बजाए बिगड़ते जा रहे है। गर्मियों के इस सीजन में यह पहली बार है कि डीजेबी के संयंत्रों में कच्चे पानी के शोधन यानी पीने लायक बनाने में 55 एमजीडी की भारी कमी हुई है। इस बारे में डीजेबी ने बताया कि यह सही है कि बोर्ड के संयंत्रों में इस सीजन में पहली बार भारी मात्रा में जल शोधन में कमी आई है। समर एक्शन प्लान के एक आला अधिकारी ने बताया कि बोर्ड द्वारा संचालित वजीराबाद संयंत्र को कच्चा पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने से शोधन में भारी गिरावट हुई है। यहां 131 एमजीडी की तुलना में महज 82 एमजीडी कच्चे पानी का शोधन हुआ है। यानी वजीराबाद संयंत्र में 49 एमजीडी की कमी हो गई। जबकि सोनिया विहार संयंत्र में शोधन का कारण रहा पाइप लाइन आदि में मरम्मत करना। सोनिया विहार में 140 एमजीडी की तुलना में 122 एमजीडी कच्चे पानी का शोधन हुआ है। जबकि अन्य संयंत्रों ने अपनी तय क्षमता से अधिक कच्चे पानी का शोधन किया। अधिकारी ने बताया कि केजरीवाल सरकार हर संभव कोशिश कर रही है कि जल्द से जल्द पानी के संकट से लोगों को छुटकारा दिलाया जाए। अधिकारी ने कहा कि बहुत जल्द ही दिल्ली के लोगों को जल संकट से निजात मिल जाएगी। बता दें कि भीषण गर्मी के बावजूद डीजेबी के सभी संयंत्र पूरी तरह से कार्य कर रहे थे।

### गंगा दशहरा पर लोगों ने लगाई जगह-जगह मीठे पानी की छबील

नई दिल्ली। जेठ का दशहरा (गंगा दशहरा) यानी श्री गंगा जी अवतरण के अवसर पर रविवार को लोगों ने जगह जगह मीठे पानी की छबील (प्याऊ) लगाई। वहीं कुछ लोगों ने यमुना नदी में आस्था की डुबकी लगाकर पर्व मनाया। भीषण गर्मी के बीच श्रद्धालुओं द्वारा लोगों को बांटे गए मीठे पानी ने काफी राहत प्रदान की। धार्मिक आस्था के इस पर्व पर कई धार्मिक संगठनों ने मीठे पानी के अलावा फल व भंडारे आदि का भी वितरण किया। बहुसंख्या में लगी पानी की छबील के चलते दिल्ली में बर्फ के दाम दो गुणा तक बढ़ गए। बावजूद आयोजकों को बर्फ खरीदने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी अनुसार हर वर्ष जेठ माह के दसवें दिन जेठ का दशहरा मनाने की पौराणिक परंपरा चली आ रही है। धार्मिक दृष्टि व मान्यताओं के अनुसार आज के ही दिन भागीरथ मां गंगा को पृथ्वी पर लाने के प्रयास में सफल हुए और मानव जाति के लिए गंगा जी कल कल बहने लगी। इसी उपलक्ष्य में सदियों से यह परंपरा चली आ रही है, जगह जगह श्रद्धालु मीठा पानी बांटते है।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के आवास पर पहुंचे 'आप' विधायकों ने सौंपा पत्र



■ आप विधायकों की केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से नहीं हो पाई मुलाकात

नई दिल्ली। हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली के हक का पानी नहीं देने के मुद्दे पर रविवार सुबह आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों का एक प्रतिनिधि दल केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिलने उनके आवास पहुंचा। दल का नेतृत्व कर रहे विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि मंत्री से मुलाकात नहीं हो पाई, लेकिन हमने हरियाणा से दिल्ली के हक का पानी दिलाने की मांग करते हुए उनके आवास पर एक पत्र सौंपा है और अनुरोध किया है कि वो दिल्ली का दर्द समझें और तत्काल राहत दिलाने की पहल करें। अगर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री अभिभावक की भूमिका निभाते हुए इंटर स्टेट कोऑर्डिनेशन कर दें तो दिल्ली को इस भीषण गर्मी में पानी मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जल संकट हर पल गंभीर रूप ले रहा है। यमुना का जल स्तर घटने से पानी का उत्पादन कम हो रहा है। ऐसे समय में कुछ लोग पानी पर राजनीति भी कर रहे हैं, जो ठीक नहीं है। जबकि आप और दिल्ली सरकार पानी की समस्या के समाधान के लिए जमीन पर उतर कर काम कर रही है। इस दौरान पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम, राखी बिड़लान, दुर्गेश पाठक समेत अन्य विधायक मौजूद रहे।

## आप विधायकों ने केंद्रीय जल मंत्री के घर जाने के पार्टी के आह्वान का नहीं किया समर्थन : भाजपा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) एक विभाजित घर है, जहां अधिकांश विधायक पार्टी नेतृत्व की गंदी राजनीति से खासकर जल मंत्री आतिशी की राजनीति से तंग आ चुके हैं और इसका परिणाम रविवार को देखने को मिला जब आप विधायकों ने आतिशी के इस निर्देश का पालन करने से इनकार कर दिया कि हमारे विधायक केंद्रीय जल मंत्री सीआर पाटिल के घर जाकर उनका हस्तक्षेप मांगेंगे। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने रविवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि मंत्री आतिशी और दिलीप पांडे के धमकियों और प्रयासों के बावजूद मुश्किल से 8 विधायक पाटिल के घर के बाहर पहुंचे, जिससे आप को अपना आंदोलन छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## सूखा प्रभावित प्रदर्शनकारियों को गुंडा कहने वाले मंत्रियों को माफ नहीं करेगी जनता : योगिता सिंह

नई दिल्ली। यह चौंकाने वाला है कि दिल्ली के मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज सूखा प्रभावित प्रदर्शनकारियों को गुंडा कह रहे हैं और दिल्ली की जनता ऐसे मंत्रियों को कभी माफ नहीं करेगी। दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष एवं कालकाजी पार्षद योगिता सिंह ने रविवार को प्रदर्शन के दौरान एक कांच टूटने पर उक्त प्रतिक्रिया दी। योगिता सिंह ने कहा है कि जल मंत्री आतिशी द्वारा अपने सरकार की पानी की लीकेज और टैंकर माफिया द्वारा पानी की चोरी को रोकने में विफलता के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों की आलोचना करना शर्मनाक और निंदनीय है। योगिता सिंह ने कहा है कि भाजपा किसी भी प्रकार की हिंसा को मंजूरी नहीं देती लेकिन आज जो हुआ वह हिंसा का मामला नहीं था। पूरे दक्षिण दिल्ली में पानी की आपूर्ति नहीं है और कई कई दिनों तक पानी नहीं आता है और स्थानीय आप विधायक या दिल्ली जल बोर्ड के कर्मचारी सभी लोगों से बचते रहे हैं। आज एक प्रदर्शन के दौरान पूरी तरह सूखे छतरपुर के लोग बेचैन हो गए और एक मटका फेंका जिससे एक कांच टूट गया। योगिता सिंह ने कहा है कि मंत्री आतिशी न केवल दिल्ली की जनता से बल्कि अपनी कालकाजी विधानसभा से भी पूरी तरह कट गई हैं और इसलिए "आप" ने 2022 के एमसीडी चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव में उनके क्षेत्र के सभी 3 वार्डों को खो दिया।

# साजिशन मुख्य पाइपलाइनों को किया जा रहा है लीक : सौरभ

## *जल मंत्री आतिशी ने पाइप लाइन की सुरक्षा के लिए पुलिस कमिश्नर को लिखा पत्र*

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। वहीं पानी के मुद्दे पर सियासत भी गरमा गई है। आम आदमी पार्टी और भाजपा जल संकट पर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि कुछ दिनों पहले कुछ लोगों द्वारा कुछ वीडियो वायरल किए गए थे। इस वीडियो में नजर आ रहा था कि दिल्ली में कई जगह वाटर लीकेज है। मुझे नहीं लगता है कि यह लीकेज नैचुरल है, मुझे लगता है कि लोग जानबूझ कर लीकेज कर रहे हैं। शनिवार को दक्षिणी दिल्ली में पाइप के नट-बोल्ट कटे हुए मिले हैं। किसने इन्हें काटा? इसकी वजह से साउथ दिल्ली में पानी नहीं था। मैं लोगों से आग्रह करूंगा कि वो साजिशन पाइपलाइन तोड़ने वालों पर नजर रखें। वहीं जल मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में जल संकट की स्थिति को और बिगाड़ने के लिए साजिशन मुख्य पाइपलाइन को काटकर नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। बता दे कि कल दिल्ली जल बोर्ड की ग्राउंड पेट्रोलिंग टीम ने दक्षिण दिल्ली राइजिंग मेन्स - मुख्य जल पाइपलाइन जो सोनिया विहार डब्ल्यूटीपी से दक्षिण दिल्ली तक पानी ले जाती है इसमें एक बड़े रिसाव की सूचना मिली। इस टीम ने गढ़ी मांडू में डीटीएल सब स्टेशन के पाया कि यहां मौजूद पाइपलाइन से कई बड़े 375 मिमी बोल्ट और एक 12 इंच बोल्ट काट दिया गया था, जिससे रिसाव हो रहा था। जो किसी बड़ी साजिश को दिखाता है। पाइप लाइन की रिसाव को तो जल बोर्ड द्वारा 6 घंटे में दूर कर दिया गया लेकिन इस षड्यंत्र के कारण आज दक्षिणी दिल्ली में 25 प्रतिशत कम पानी पहुंचा है।



### 'गश्त और सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात करने की मांग'

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कहा कि अभी दिल्ली में काफी हीटवेव है और पानी की किल्लत भी है। लेकिन इन सब के दौरान ऐसा लगता है कि कोई जानबूझ कर वाटर पाइपलाइन को तोड़ रहा है जिसकी वजह से पानी की किल्लत है। दक्षिणी दिल्ली में मुख्य वाटर पाइपलाइन जो सोनिया विहार से आता है और जिसकी वजह पूरे साउथ दिल्ली को पानी मिलता है उस वाटर पाइपलाइन में लीकेज था। ऐसा लगता है कि कुछ साजिश चल रही है और उन्होंने रविवार को एक पत्र पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा को भी लिखा है जिसमें उन्होंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से अगले 15 दिनों के लिए दिल्ली में पानी की प्रमुख पाइपलाइनों की गश्त और सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को तैनात करने की मांग की। आतिशी ने कहा कि इस जल संकट में शरारती और असामाजिक तत्वों को पानी की मुख्य पाइप लाइनों में छेड़छाड़ और तोड़फोड़ करने से रोकने के लिए इनपर पुलिसकर्मियों की तैनाती जरूरी है। जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को लिखे अपने पत्र में कहा कि वर्तमान में दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। यमुना में पानी की कमी के कारण पानी के उत्पादन में लगभग 70 एमजीडी की गिरावट आई है और दिल्ली के कई हिस्सों में पानी की कमी हो रही है। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती हो जाती है।

# पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में जल बोर्ड के ऑफिस में की गई तोड़फोड़ : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट के बीच सियासत भी गरम है। आम आदमी पार्टी ने रविवार को आरोप लगाया है कि भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में रविवार को छतरपुर स्थित दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर पर हमला कर तोड़फोड़ की है। उन्होंने पुलिस और उपराज्यपाल से तुरंत इस मामले में शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

आतिशी ने प्रैसवार्ता में कहा कि एक षड्यंत्र के तहत भाजपा के गुंडों ने दिल्ली जल बोर्ड के छत्तरपुर स्थित ऑफिस पर ही सरेआम हमला कर किया। यहां भाजपा ने अपने गुंडों से तोड़फोड़ करवाई,पत्थरबाजी करवाई। उन्होंने प्रैसवार्ता में एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि इसमें साफ-साफ दिख रहा है कि जो लोग दिल्ली जल बोर्ड के ऑफिस में गुंडागर्दी और तोड़फोड़ कर रहे है वो भाजपा के लोग है। इन लोगों में से कई ने भाजपा का पटका पहन रखा है, जो जल बोर्ड के ऑफिस पर मटके और पत्थर फेंकते नजर आए। वीडियो में भाजपा के नेता और पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी भी नज़र आए। और भीड़ रमेश बिधूड़ी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आई। आतिशी ने कहा कि, दिल्ली जल बोर्ड के छत्तरपुर स्थित ऑफिस पर हमला कर रहे थे उसमें भाजपा के दक्षिणी दिल्ली के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी थे, जो गुंडों को लेकर जल बोर्ड के ऑफिस के अंदर गए। भाजपा के इन गुंडों ने दिल्ली जल बोर्ड के ऑफिस में मटके फेंके, कांच तोड़े, ऑफिस में तोड़फोड़ की और साथ में रमेश बिधूड़ी के नाम के नारे लगा रहे हैं। आतिशी ने कहा कि वीडियो साफ-साफ दिख रहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के ऑफिस में गुंडागर्दी और तोड़फोड़ भाजपा ने की है, भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने की है।

आतिशी ने कहा कि हमने इस गुंडागर्दी की शिकायत दिल्ली पुलिस से की है और दक्षिणी दिल्ली के डीसीपी को ये वीडियो भेजी है। और अब इस बात का इंतज़ार करेंगे कि भाजपा और एलजी के अन्तर्गत आने वाली दिल्ली पुलिस क्या रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करती है, इस वीडियो पर संज्ञान लेती है या नहीं। हमें इंतज़ार रहेगा कि दिल्ली पुलिस वीडियो में गुंडागर्दी करते नजर आ रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर एक्शन लेगी या नहीं।



■ दिल्ली पुलिस तुरंत संज्ञान लेते हुए रमेश बिधूड़ी के खिलाफ एफआईआर करे दर्ज




खबर संक्षेप

## डॉ. त्यागी ने नवनिर्माण दल से तोड़ा नाता



**गाजियाबाद।** ईएनटी सर्जन डॉ. बृजपाल त्यागी के साथ ठगी हो गई। यह ठगी राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी ने उनसे पॉलीटिकल पार्टी बनाने व समाज सेवा के नाम पर की है । डॉ.त्यागी का आरोप है कि श्रीकांत त्यागी ने नई पार्टी के बनाने के नाम पर उनसे 50 लख रुपए की धनराशि वापस करने के नाम पर ले ली लेकिन अब वह धनराशि वापस नहीं कर रहे हैं।

## सामाजिक संगठनों के सहयोग से रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** मारवाड़ी युवा मंच एवं जय सेवा फाउंडेशन व श्याम मंदिर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि कमलेश शास्त्री बाल कल्याण विभाग के डिविजनल कमिश्नर, विशिष्ट अतिथि जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी ने पहुंचकर कार्यक्रम में रक्तदाता का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में रक्त के अभाव में किसी का जीवन संकट में न आए ।



## लापता बच्चे का सुराग नहीं, परिजनों का हंगामा

**फरीदाबाद।** राजीव कॉलोनी से एक 13 वर्षीय बच्चा 6 जून से लापता है, उसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। बच्चे के माता-पिता पड़ोसियों के साथ मिलकर सेक्टर 58 थाने में पहुंचे। पुलिस पर उनके बच्चे को खोजने में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। पिता विनोद ने कहा कि उनका बेटा टिंकू शर्मा घर के पास खाटू श्याम मंदिर से गायब हो गया है।



## बहनोई बनकर लगाई 40 हजार की चपत

**गुरुग्राम ।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाज ने फोन पर युवक का बहनोई बताकर युवक को 40 हजार रुपए की चपत लगा दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। रोहित कुमार ने कहा कि उसके पास 7 जून को एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को रोहित का बहनोई बताया। कहा कि वह उसके अकाउंट 45 हजार रुपए भेज रहा है। 40 हजार फोन पे के जरिए भेज दें।




## अवैध शराब से भरा टैम्पो सहित दो आरोपी काबू

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने अवैध शराब से भरा टैंपो सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 150 पेटी अवैध देशी शराब, 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर उनके खिलाफ राजेंद्रा पार्क थाना में केस दर्ज कर किया है।दरअसल, सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि गांव धनकोट के निकट नहर के पास भारी मात्रा में अवैध शराब की खेंप लाई जा रही है।




## लोकसभा चुनाव के बाद पहला जनता दर्शन

# राज्य मंत्री कश्यप ने जनता दर्शन में सुनी दो सौ से अधिक जनता की समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

यूपी सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जनता दर्शन में लगभग 200 से अधिक लोग अपनी परेशानी सुनी और तत्काल अधिकारियों को फोन करके समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने सेक्टर-23 स्थित आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया । इस दौरान उन्होंने अलग-अलग इलाकों से आई जनता की समस्याएं सुनी और तत्काल अधिकारियों को फोन करके समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, हापुड़, गौतम बुद्धनगर से आए लोगों से मुलाकात भी की। जनता दर्शन में लगभग 200 से अधिक लोग अपनी परेशानी और समस्याएं लेकर पहुंचे थे। साथ ही कुछ लोग उनसे मुलाकात करने भी पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव समाप्ति के बाद एक बार फिर से नरेंद्र कश्यप ने जनता दर्शन शुरू कर दिया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद यह उनका पहला जनता दर्शन रहा।



### समस्याओं का समाधान करना सरकार का मकसद

राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना ही उनका मकसद है। उन्होंने कहा कि रविवार को उनसे बड़ी संख्या में लोग मिलने और अपनी समस्या रखने के लिए आए थे। उन्होंने कई गंभीर विषयों पर तत्काल अधिकारियों को फोन करते हुए एक तय समय के भीतर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को गर्मी का मौसम होने की वजह से जनता के लिए बिजली, पानी की समस्याओं पर तत्काल हल निकालने का भी निर्देश दिया है।

### निदान जल्द

समस्याओं में पेंशन छात्रवृत्ति, जीडीए, पुलिस से संबंधित समस्याएं अधिक थीं। राज्यमंत्री ने सभी की शिकायतों को सुना। उन्होंने अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का तुरंत निस्तारण कराया व अन्य विभागों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से बात की और समस्याओं का निस्तारण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए।

## बल्लभगढ़ क्षेत्र कां चहुंमुखी विकास करवाना नेता की नैतिक जिम्मेदारी

# बल्लभगढ़ को विकास का रोल मॉडल बनाकर ही दम लूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

हरियाणा के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। प्रदेश के उद्योग वाणिज्य एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक होने के नाते चहुंमुखी विकास कार्य करवाना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है। पं. शर्मा ने कहा कि बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र को विकास का रोल मॉडल बनाकर दम लूंगा।

पं. मूलचंद शर्मा ने आज गायत्री मंदिर चावला कॉलोनी के सामने गोंछी मोहल्ले वाली सड़क और आनंदपुर सत्संग आश्रम कुटिया वाली सड़क शिलान्यास करते हुए यह बात कही। हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि चावला कालोनी पंजाबी मोहल्ला कुटिया वाली गली और कई गलियों की नई सड़कें बनेगी।

वाणिज्य एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक होने के नाते चहुंमुखी विकास कार्य करवाना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है।

**खास बातें**

- गोंछी और आनंदपुर सत्संग आश्रम कुटिया वाली सड़क का शिलान्यास
- सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त करे अधिकारी
- सेक्टर 3 में दो नए ट्यूबवैलों की सौगात



### नई तकनीक से की जा रही सीवर लाइन की सफाई

उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में करीब 35 साल बाद एफएमडीए विभाग द्वारा नई टेक्नोलॉजी से सीवर लाइन की सफाई की जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने सफाई के कार्य का जायजा लेकर मौके पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जल्द से जल्द सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए। उन्होंने बल्लभगढ़ वासियों से भी की अपील करते हुए कहा कि सीवरेज सफाई व्यवस्था में आ रही दिक्कतों के लिए धैर्य बनाए रखें। सीवर के पानी को निकालने के लिए विभाग द्वारा बाइपास लाइन का इस्तेमाल किया गया है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अब जल्द ही कॉलोनियों की गलियों में दिखाई देने वाला सीवर का गंदा पानी निकलेगा।

### चावला कॉलोनी को दो सड़कों की सौगात

इसके उपरान्त उन्होंने सेक्टर तीन में दो नए ट्यूबवैलों की सौगात दी। वहीं चावला कॉलोनी में भी दो सड़कों की सौगात दी गई है। चावला कॉलोनी में 25 लाख की लागत की दो सडक़ें और सेक्टर-3 में करीब आठ लाख की लागत से दो नए ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। इस मौके पर प्रेम खट्टर, वीरेंद्र मनचंदा, बिट्टू पंजाबी, विनोद गोस्वामी, महेश गोयल, प्रेम मदान, अशोक हंस, जगदीश ठाकुर, वेदप्रकाश सपरा, सुभाष नंदा सहित अधिकारी गण और चावला कालोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

# फरीदाबाद में 59 केन्द्रों पर 58.14% परीक्षार्थियों ने दी यूपीएससी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने यूपीएससी, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली लिखित परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त विक्रम सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का मुआयना किया ताकि चल रही परीक्षा में किसी भी प्रकार की कोई खामी न रह जाए जिसके चलते परीक्षार्थियों का मनोबल कमजोर न हो न पाए।

### मौके पर सभी उपलब्ध सुविधाओं की जांच की

उपायुक्त ने क्रमवार सेक्टर-16 स्थित के एल मेहता स्कूल, सेक्टर-16 स्थित स्कॉलर्स प्राइड स्कूल, सेक्टर-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल और सेक्टर 14 स्थित मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ -सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था प्रबंध के बारे में परीक्षा सुपरवाइजर से जानकारी लेकर सभी व्यवस्थाओं की जांच की।

## आब्जर्वर सेल्वा कुमारी जे ने किया निरीक्षण

# गाजियाबाद में 30हजार,239 परीक्षार्थियों ने दी सिविल सर्विसेज प्री परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रस्तावित सिविल सर्विसेज प्री परीक्षा-2024 दो पालियों में संपन्न हुई। जिसमें 30हजार239 परीक्षार्थियों ने दी सिविल सर्विसेज प्री परीक्षा,15841 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए कुल 50 परीक्षा केन्द्रों का चयन किया गया था। जिनमें 3 राजकीय, 17 अशासकीय सहायता प्राप्त, 30 स्वघोषित विद्यालय सम्मिलित थे। परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए 3 आब्जर्वर, 9 जोनल मजिस्ट्रेट, 18 सेक्टर मजिस्ट्रेट , प्रत्येक केन्द्र पर एक-एक एलआईओ के रूप में 50



अधिकारियों सहित अन्य की तैनाती की गई थी। प्रत्येक केन्द्र पर एक सब-इंस्पेक्टर, दो हेड कांस्टेबल एवं दो महिला कांस्टेबल तैनात किया गया है जो फिस्किंग का कार्य संपन्न किया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कुल 18 एम्बुलेन्स तथा की व्यवस्था की गई है। समस्त सीएचसी एवं पीएचसी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए थे।

## ईदकी खरीदारी के लिए एटीएम से रुपए निकालने गए थे सेवानिवृत्त बुजुर्ग अध्यापक

# एटीएम कार्ड बदलकर लगाया एक लाख, 40 हजार रुपए का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

मसूरी थाना क्षेत्र में ईद की खरीददारी के लिए बैंक एडीएम से रुपये निकलने गए एक रिटायर अध्यापक को एक अनजान सख्स ने झांसे में लेकर एटीएम कार्ड बदल लिया और एक लाख 10 हजार रुपए निकाल लिए। ठग ने 50 हजार रुपए नगद तथा 60 हजार रुपए की ऑनलाइन खरीददारी की। रिटायर अध्यापक ने अपना एटीएम ब्लॉक कराते हुए पुलिस को भी तहरीर दी है।

अरशद अली शिक्षा विभाग से रिटायर्ड अध्यापक हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े नो बजे वह मसूरी एनएच नौ एक्सिस बैंक के एटीएम मशीन से ईद की खरीदारी के लिए रुपए निकालने गए थे। उन्होंने अपना एटीएम कार्ड मशीन में डाला मगर कार्ड से रुपए नहीं निकले तो वहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति ने अध्यापक को बातों में



उलझाकर हेर फेर करके वृद्ध अध्यापक का एटीएम कार्ड बदल दिया । अध्यापक भी वहां से अपने घर चले गए।

मगर वह उस समय चौके जब कुछ देर बाद ही फोन पर मैसेज आया तो पता चला कि उनके कार्ड से आन लाइन 60 हजार की शापिंग किसी पूरन सिंह निवासी गुरुग्राम के नाम से की गई है। इसके साथ ही 10-10 हजार रूपए 5 बार में सिर्फ पांच मिनट में ही 50 हजार रुपए निकाले गए। पीड़ित अध्यापक ने अपने बैंक में अपना खाता सीज कराकर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने तीसरी बार सांसद चुने जाने पर जनता का आभार माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने तीसरी बार फरीदाबाद से सांसद चुने जाने और केन्द्र सरकार में लगातार तीसरी बार केन्द्रीय राज्य मंत्री बनने के उपलक्ष्य में फरीदाबाद लोकसभा की स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करने के लिए एक धन्यवाद समारोह का आयोजन किया। फरीदाबाद तथा पलवल जिले के बॉर्डर पर स्थित ग्रीनलैंड 44 बैंक्वेट हॉल में आयोजित इस धन्यवाद प्रीतिभोज समारोह में पूरे लोकसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चौधरी कृष्ण पाल गुर्जर ने निजी तौर पर मिलकर इन सभी का उनके सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### कार्यकर्ताओं ने कृष्णपाल गुर्जर को शुभकामनाएं दी

समारोह स्थल पर बेहद सादगी और अपनत्व के साथ चौधरी कृष्ण पाल गुर्जर सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मिले और सभी की शुभकामनाएं और अभिवादन स्वीकार किया। समारोह में सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई थी। सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को शुभकामनाएं दी और भोजन किया। धन्यवाद समारोह एक निजी आयोजन की तरह आयोजित किया। इस अवसर पर कोई मंच आदि की व्यवस्था नहीं की गई थी सिर्फ एक बहुत ही गर्मजोशी के साथ चौधरी कृष्णपाल गुर्जर भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों से मिल रहे थे। चौधरी कृष्णपाल गुर्जर ने कोई भाषण या वक्तव्य नहीं दिया सिर्फ सामूहिक वक्तव्य जारी किया।

समारोह में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों और अपने वोटरों का उन्होंने आभार व्यक्त किया और विश्वास प्रत्येक व्यक्ति को दिलाया कि जिस प्रकार से उनका सहयोग इस चुनाव के दौरान उनको मिला है हमेशा कृष्ण पाल गुर्जर इस प्रकार से उनके साथ खड़े रहेंगे।

# मरीज बनकर महिला चिकित्सक व उसके भाई से मारपीट, आरोपी काबू, महिला फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम ।

भोंडसी एरिया में घर में घुसकर महिला चिकित्सक व उसके भाई के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शोर मचाने पर लोगों ने युवक को पकड़ लिया। जबकि उसके साथ मरीज बनकर आई महिला फरार हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।



शिकायत में भोंडसी की आरबीएसएम कॉलोनी में रहने वाली चिकित्सक नीलम शर्मा ने कहा कि वह अपने छोटे भाई आर्यन के साथ बीती रात घर में थी। करीब 8.30 बजे एक महिला और युवक उनके घर आए। महिला ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था और अपने पेट में दर्द बताया।

डॉ. नीलम ने महिला को लिटा दिया और उसकी जांच करने लगी। अचानक महिला ने उस पर हमला कर दिया और उसके साथ आए युवक ने पिस्टलनुमा खिलौना से उसके भाई को काबू कर लिया। युवक ने उसके भाई के साथ जमकर मारपीट की। शोर-शराबा सुनने के बाद लोग पहुंचे । उन्होंने युवक को पकड़ लिया। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर महिला वहां से फरार हो गई। युवक ने अपना नाम दशरथ बताया।

## 3 महिलाओं समेत चार की मौके पर मौत,25 घायल

# सड़क के किनारे खड़े आइशर कैंटर में ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

गाजियाबाद जिले के मुरादनगर थाना इलाके में इस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे शनिवार की रात्रि में करीब डेढ़ बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क पर साइड में खड़े आईशर कैंटर में टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह सड़क दुर्घटना इस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस पर रेवडा-रेवडा गांव के नजदीक हुई।

### घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा इलाज



डीसीपी विवेक चंद्र यादव ने बताया कि एक आइशर कैंटर हरियाणा के सोनीपत जिले के गन्नौर भट्टे से उत्तर प्रदेश के हरदोई मजदूर लेकर जा रहा था। कैंटर में में कुल 37 लोग सवार थे, इनमें महिलाएं और महिला और बच्चे भी शामिल थे। जब कैंटर पेरीफेरल हाईवे के किनारे गांव रेवाड़ी रेवड़ा गांव के पास कुछ मजदूर व चालक कैंटर को सड़क के बाई तरफ खड़ा कर लघुशंका के लिए उतरे तभी ट्रक ने सामने खड़ी कैंटर मैं टक्कर मार दी। कैंटर क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें में तीन महिलाओं समेत सवार चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर मुरादनगर पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को बिन अस्पतालों में भर्ती कराया उन्होंने बताया कि मरने वालों में इरशाद( 20 वर्ष) पुत्र ईश्वर, नाजुमन (60 वर्ष) पत्नी ईश्वर, सबीना (21 वर्ष )पत्नी नौशाद, माया देवी (40 वर्ष )पत्नी महेंद्र सिंह हैं। ये सभी मरने वाले गांव मझला कुमरूआ थाना मझला जनपद हरदोई के निवासी हैं।

### सोनीपत से हरदोई के लिए जा रहे थे भट्ठा मजदूर

घायलों में शंकर उम्र 70 वर्ष , सुनहरा उम्र 20 वर्ष ,महेंद्र उम्र 48 वर्ष ,रुचि उम्र 16 वर्ष , हास्नूर उम्र 3 वर्ष ,रूबी उम्र 22 वर्ष , शबनुर उम्र 5 वर्ष ,सुलेमान 28 वर्ष ,शाहिद 22 वर्ष ,शाद मोहम्मद 34 वर्ष, खुशनुमा 22 वर्ष ,फलकनूर 3 वर्ष पुत्री सोनू,अयान 5 वर्ष पुत्र सोनू,फैजान 1 वर्ष पुत्र सोनू,चुन्नू 30 वर्ष पुत्र इरशाद,रासना 25 वर्ष पुत्री शाहिद,अंसिका 12 वर्ष पुत्री याकूब, नन्ही 35 वर्ष पत्नी याकूब,चांद बाबू 1वर्ष पुत्र याकूब ,सुनैनी उम्र 8 वर्ष पुत्री याकूब, गुफरान 4 वर्ष पुत्र छन्नू ,खुर्शीद उम्र 35 वर्ष पत्नी चिन्नू,फलक उम्र 3 वर्ष पुत्री इरशाद तथा शान मोहम्मद उमर 13 वर्ष पुत्र चिन्नू निवासी शाहजहांपुर हैं।

# शामली से दिल्ली जा रही ट्रेन की चपेट में आने से तीन दोस्तों की मौत, फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

गाजियाबाद जिले के लोनी बॉर्डर इलाके में ट्रेन से कटकर तीन युवकों की मौत हो गई। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद किया। युवकों के शव अलग-अलग पड़े हुए थे। तीनों की उम्र 20 से 25 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है। मृतकों के पास से दो कीपैड वाले मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।

### सुबह बहुत खराब अवस्था में युवक देखे गए



एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो एक व्यक्ति की जेब से प्राप्त मोबाइल से परिजनों से संपर्क किया गया जिससे तीनों व्यक्तियों की पहचान आसिफ, देवेश एवं गुडडू के रुप मे हुई । यह तीनो मित्र थे । आसपास पूछताछ करने तथा सीसीटीवी फुटेज से ज्ञात हुआ कि रात्रि मे यह लोग काफी देर तक इधर उधर घूमते रहे । पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है । परिजनो की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है । उन्होंने बताया कि यह घटना राज इंटर कॉलेज के सामने हाजीपुर में हुई जब शामली से ट्रेन दिल्ली जा रही थी। सुबह को 6:00 बजे लोगों ने सड़क पर ट्रेन रेलवे लाइन पर तीन युवकों के बेहद खराब अवस्था में देखे गए। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। स्थानीय पुलिस ने आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स )को इसकी सूचना दी।



हरियाणा सरकार
"यह योजना अंत्योदय परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने के साथ पर्यावरण को भी संरक्षित करेगी। इस योजना का फायदा अधिक से अधिक परिवारों को मिले इसके लिए केन्द्र और हरियाणा सरकार ने सब्सिडी का प्रावधान भी किया है।"
- नायब सिंह
"हमारा संकल्प है कि भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रुफटॉप सिस्टम हो। 'प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत देशभर में एक करोड़ घरों पर रुफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य है।"
- नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
हरियाणा के एक लाख गरीब परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी
₹ 1.80 लाख तक वार्षिक आय के लाभार्थी
2 किलोवाट तक ₹ 60,000 तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा
₹ 50,000 की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा
औसत मासिक 300 यूनिट तक मुफ्त उत्पादन
₹ 1.80 से ₹ 3 लाख तक वार्षिक आय के लाभार्थी
2 किलोवाट तक ₹ 60,000 तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा
₹ 20,000 की अतिरिक्त सब्सिडी राज्य सरकार द्वारा
औसत मासिक 300 यूनिट तक मुफ्त उत्पादन
राज्य स्तरीय समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा
गरिमामयी उपस्थिति
श्री रणजीत सिंह
ऊर्जा मंत्री, हरियाणा
दिनांक - 17 जून, 2024 । समय - प्रातः 9 बजे
स्थान - पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल ऑडिटोरियम, सेक्टर-7, अम्बाला शहर
अधिक जानकारी के लिए UHBVN क्यू आर कोड स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए DHBVN क्यू आर कोड स्कैन करें
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए
केन्द्र सरकार के सोलर पोर्टल www.pmsuryaghar.gov.in पर जाएं
अथवा
स्थानीय ऊर्जा विभाग कार्यालय में संपर्क करें
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



# दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं वरुण

**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन पत्नी नताशा दलाल और नन्हीं बेटी के साथ दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने घर ढूंढ लिया है। वैसे वह कोई नया घर नहीं खरीद रहे हैं बल्कि उन्होंने किराए के घर में रहने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन ने मुंबई के जुहू एरिया में किराए पर एक सी-फेसिंग अपार्टमेंट लिया है, जहां वह पत्नी नताशा दलाल और अपनी नन्ही परी के साथ शिफ्ट होने वाले हैं। यह अपार्टमेंट किसी और का नहीं बल्कि ऋतिक रोशन का है। इसी बिल्डिंग में अक्षय कुमार और साजिद नाडियाडवाला भी रहते हैं। इस तरह दोनों वरुण धवन के पड़ोसी होंगे।

लाइफStyle



# सोनम

## कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर

पंजाबी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सोनम बाजवा चाहती है कि उनकी और सिंगर, एक्टर एमी विर्क की जोड़ी बॉलीवुड की फेमस जोड़ी शाहरुख खान और काजोल जैसा जादू स्क्रीन पर पैदा करे। सोनम और एमी विर्क की अपकमिंग फिल्म क्रॉस-कल्चरल फिल्म कुड़ी हरियाणा वल दी जल्द रिलीज होने को है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा कि जब भी वह दोनों साथ काम करते हैं तो स्क्रीन पर ताजगी आ जाती है। एमी के साथ पुवाड़ा, निक्का जैलदार जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने बताया, कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है। अगर कहानी और किरदार अलग हैं, तो आप अपने आप ही स्क्रीन पर ताजगी ला पाएंगे। उन्होंने कहा, लोग उनकी (सोनम बाजवा और एमी विर्क) जोड़ी को पसंद करते हैं। हमारे प्रशंसकों में भी हमको लेकर उत्साह है। सोनम ने बताया कि वे विषय और कहानी के बारे में सोचते हैं और फिल्म में अपने आप ही ताजगी आ जाती है। एक्ट्रेस ने बताया, हमने कई फिल्मों में काम किया है मगर जो हमने कुड़ी हरियाणे वल दी में किया है वह अलग है। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अगर किरदार अलग हैं, तो कलाकार भी अलग तरह से काम करेंगे। हरियाणवी जाटनी का डी-ग्लैम लुक निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट के बारे में सोनम ने कहा कि इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है, मुझे इस पर गर्व है कि हमारे देश की लड़कियां कैसी दिखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं आउटफिट की बात करूं तो सूट पंजाब और हरियाणा दोनों में पहना जाता है।

हॉलीवुड मसाला




# ऑस्कर विनिंग का बनेंगे हिस्सा

**लॉस एंजिलस।** अभिनेता माइल्स टेलर के प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। टेलर ने पैरामाउंट पिक्चर्स की 1982 की क्लासिक फिल्म 'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन' के आधुनिक संस्करण से जुड़ने का फैसला किया है। फिल्म में अभिनेता अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाते नजर आएंगे। 37 वर्षीय अभिनेता को इस रोमांटिक ड्रामा में मूल फिल्म में रिचर्ड गेरे के जरिए निभाए गए किरदार जैक मेयो की भूमिका में देखा जाएगा।




# प्रियंका के जेठ केविन को हुआ स्किन कैंसर

**लॉस एंजिलस।** बॉलीवुड से हॉलीवुड पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद वो जोनस फैमिली के साथ वक्त बिताती हैं। हाल में ही उनकी जोनस फैमिली से एक बुरी खबर सामने आई। दरअसल प्रियंका चोपड़ा के जेठ को स्किन कैंसर हो गया, जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। हाल ही में गायक और प्रियंका चोपड़ा के जेठ केविन जोनास ने सुर्खियों में आ गए हैं क्योंकि उन्हें एक मस्से के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। जब सिंगर अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि उन्हें स्किन कैंसर हो गया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया है और सर्जरी का बिफोर एंड आफ्टर वाला वीडियो भी बताया।



# 'दलदल' में बनेंगी पुलिस अफसर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनकर अपनी आने वाली वेबसीरीज दलदल में पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाती नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर जल्द ही वेबसीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी। भूमि पेडनेकर ने बताया कि 'दलदल' एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जो एक महिला होने के सभी गुणों को समेटे हुए है। रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली महिला है। भूमि पेडनेकर ने कहा कि वेबसीरीज दलदल का रोल बहुत चुनौतीपूर्ण है और मेरे लिए यह नया जॉनर भी है। इसमें एक्शन का काफी मौका मिला है। मेरे रोल रीटा फरेरा में कई परतें हैं। वह बाहरी और अंदरूनी विचारों के मतभेदों के बीच फंसी है। मेरा पात्र मुंबई की डीसीपी के तौर पर अपना काम शुरू करती है।



# 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज टली

**मुंबई।** अक्षय कुमार के प्रशंसक लंबे समय से उनके कॉमेडी अवतार में लौटने का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता ने अपनी मशहूर कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' की तीसरी किस्त 'वेलकम टू द जंगल' का ऐलान कर उन्हें तोहफा दिया था। यह फिल्म इस साल 20 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब एक ऐसी चर्चा चल पड़ी है, जिसे सुनकर प्रशंसक मायूस हो सकते हैं। दरअसल, खबर है कि इस फिल्म की रिलीज को टाल दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक फिरोज नाडियाडवाला फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने जा रहे हैं। फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने बताया, 'वेलकम टू द जंगल' को बड़े पैमाने पर बनाया गया है, जिसका पहला शेड्यूल हाल ही में मई में पूरा हुआ है। महाराष्ट्र में इसकी शूटिंग काफी लंबी चली, जिसमें पूरी स्टारकास्ट मौजूद थी।

टीवी मसाला



# 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की कुर्सी संभालेंगी करिश्मा...

**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शोज को लेकर भी दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ रही है। ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को अपने शो की ओर आकर्षित करने के लिए निर्माता भी नए-नए पैंतरे अपनाते रहते हैं। अब खबर है कि करिश्मा कपूर को 'इंडियाज बेस्ट डांसर 4' में जज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खुद करिश्मा भी शो से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

***मलाइका, सोनाली के बाद करिश्मा करेंगी जज :*** रिपोर्ट के मुताबिक, करिश्मा डांस रियलिटी शो 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के चौथे सीजन में जज की भूमिका निभाने वाली हैं। उन्होंने शो में सोनाली बेंद्रे की जगह ली है। शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा को शामिल किया गया था। सूत्र के मुताबिक, निर्माता इस बार एक नई बॉलीवुड अभिनेत्री की तलाश में थे। करिश्मा न सिर्फ एक बेहतरीन डांसर रही हैं, बल्कि प्रशंसकों के बीच उनकी लोकप्रियता आज भी जबरदस्त है।

***शो से जुड़कर खुश हैं करिश्मा :*** सूत्र ने यह भी बताया कि करिश्मा के पास जब इस शो को जज करने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने इसके लिए फौरन रजामंदी दे दी। करिश्मा इस शो की शुरू से ही प्रशंसक रही हैं। इसी वजह से उन्होंने इसके लिए हां कहने में देर नहीं लगाई। दिलचस्प बात यह है कि करिश्मा पहले ही इस शो से गेस्ट जज के रूप में पहले जुड़ चुकी हैं। टेरेंस लुईस और गीता कपूर जज पैनल में उनके साथ दिखाई देंगी।

### 2020 में आया था शो का पहला सीजन

'इंडियाज बेस्ट डांसर' फ्रेम्स प्रोडक्शन इंडिया के बैनर तले बना एक लोकप्रिय रिएलिटी शो है। इसके पहला सीजन 2020 में आया था और दूसरे सीजन की शुरुआत 16 अक्टूबर, 2021 में हुई थी। शो के पहले सीजन के विजेता हरियाणा के टाइगर पॉप थे। सौम्या कांबले ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर 2' की ट्रॉफी अपने नाम की थी और तीसरे सीजन के विजेता समर्पण लामा थे। 30 सितंबर, 2023 को तीसरे सीजन का फिनाले हुआ था।

### करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में आएंगी नजर

करिश्मा ने 'कुली नंबर 1' से लेकर 'राजा हिन्दुस्तानी' और 'दिल तो पागल है' से लेकर 'अंदाज अपना अपना' जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया है। पिछली बार करिश्मा फिल्म 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थीं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब जल्द ही करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' में नजर आएंगी, जिसमें वह एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली हैं। उनके किरदार का नाम रीता 'ब्राउन' है। इसके लिए उन्होंने बंगाली भाषा भी सीखी है।

# सलमान ही नहीं, इन बॉलीवुड सितारों ने भी फरमाया पाकिस्तानियों से इश्क

*मुंबई। कहावत है कि प्यार की कोई सीमा नहीं होती। ये केवल किताबों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि हमें असल जिंदगी में भी देखने को मिली है। भारत और पाकिस्तान के बीच उलझे संबंधों की सीमा को पार कर बहुत से बॉलीवुड सितारों ने पाकिस्तानी हस्तियों से इश्क फरमाया है। आज हम आपको ऐसे बॉलीवुड सितारों से मिलवाएंगे, जिनका रिश्ता पाकिस्तानियों से रहा है।*

***सलमान और सुष्मिता सेन :*** *सलमान का पाकिस्तानी अदाकारा सोमी अली के साथ रिश्ता खूब चर्चा बटोरता है। सोमी, सलमान की वजह से ही भारत आई थीं। वह सलमान के साथ 8 साल तक रिश्ते में रही थीं। हालांकि, फिर दोनों का ब्रेकअप हो गया था। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम और सुष्मिता सेन का रिश्ता एक समय चर्चा का विषय था। वे 2008 में रियलिटी शो 'एक खिलाड़ी एक हसीना' पर मिले थे। ऐसी अफवाहें भी उड़ी थीं कि दोनों शादी रचाने वाले हैं।*



***रेखा और जीनत अमान :*** *पाकिस्तानी क्रिकेट टीम जब 1970 के दशक में भारत दौरे पर आई थी, तब पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान को दिल दे बैठे थे। हालांकि, उनका रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला था। इमरान के बारे में यह भी अफवाह थी कि उनका मशहूर अदाकारा रेखा के साथ भी रिश्ता था। 1985 में, रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वे एक-दूसरे के करीब थे और शादी करने की योजना बना रहे थे।*



***रीना रॉय और अश्मित पटेल :*** *रीना रॉय ने 1983 में पाकिस्तानी क्रिकेटर और अभिनेता मोहसिन खान से शादी की थी। दोनों की एक बेटी है जिसका नाम सनम खान है। हालांकि, 1990 में उनका तलाक हो गया था। पाकिस्तानी अदाकारा वीना मलिक ने बिग बॉस में आकर खूब सुर्खियां बटोरीं थीं और इसका एक बड़ा कारण भारतीय अभिनेता अश्मित पटेल थे। रियलिटी शो में इनके रिश्ते ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं।*



***अमृता अरोड़ा और अमृता राव :*** *अभिनेत्री अमृता अरोड़ा का पाकिस्तानी क्रिकेटर उस्मान अफजल के साथ रिश्ता था। दोनों ने अपना रिश्ता सार्वजनिक रखा था। हालांकि, रिश्ते में दूरी के चलते वे अलग हो गए थे। अमृता राव ने कथित तौर पर 2008 में पाकिस्तानी संगीतकार फरहान सईद को डेट किया था।*

# फिल्म फेस्टिवल में एकलव्य की 'सरनेम' को दो अवार्ड ...



**मुंबई।** हिमाचल के जिला कांगड़ा को गुजरात में बड़ा सम्मान मिला है। अहमदाबाद इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में 'सरनेम' शार्ट फिल्म को दो अवार्ड मिले हैं। बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस और बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड मिलने से फिल्म निर्माताओं की बांछे खिल गई हैं। जिला कांगड़ा से ताल्लुक रखने वाले एकलव्य सेन की शार्ट फिल्म 'सरनेम' एक बार फिर सुर्खियों में है। 'सरनेम' ने दो नॉमिनेशन हासिल किए थे। इसमें बेस्ट फीमेल चाइल्ड एक्ट्रेस का अवार्ड समायरा को मिला, जिन्होंने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई थी। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवार्ड कुलदीप सिंह को मिला, जो कि खुद भी फिल्म निर्देशन का कार्य करते हैं। 'सरनेम' शार्ट फिल्म अभी तक 29 फिल्म फेस्टिवल में चयनित हो चुकी है।

## 16 जून को मिथुन दा ने मनाया 74वां जन्मदिन, 'मृगया' से मिली बॉलीवुड में पहचान

# मिथुन दा एक्टर से पहले थे नक्सली, कचरे के ढेर में मिली थी बेटी

*मुंबई। बॉलीवुड में कई ऐसे कलाकार हुए, जिन्होंने अपनी काबिलियत और मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया। मिथुन चक्रवर्ती भी उन्हीं कलाकारों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने हुनर से हिंदी सिनेमा में अपना सिक्का जमाया और कई यादगार फिल्में देकर दर्शकों के बीच अपनी एक खास जगह बनाई। आज यानी 16 जून को मिथुन दा अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं। आपको मालूम होना चाहिए कि मिथुन चक्रवर्ती एक्टर बनने से पहले नक्सली थे।*



### फिल्मों में आने से पहले थे नक्सली

कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन करने के बाद मिथुन का झुकाव नक्सलवाद की तरफ हो गया था। वो परिवार छोड़ नक्सलियों के साथ रहने लगे थे। उसी बीच एक दुर्घटना में उनके भाई की मौत हो गई। वह अपने परिवार के पास वापस आ गए और नक्सली दुनिया छोड़ दी। उधर सांवले रंग के चलते मिथुन संग कोई बड़ी हीरोइन काम करने को तैयार नहीं थीं। मिथुन का नाम सामने आते ही वो फिल्म से बाहर हो जाती थीं।

### फुटपाथ पर बिताए दिन

मिथुन ने बताया था कि उन्होंने अपना काफी वक्त फुटपाथ पर सोते हुए बिता दिया। कई-कई दिन तो वह भूखे पेट ही सोते थे और रोते थे। कई दिन तो ऐसा होता था, जब उन्हें सोचना पड़ता था कि अगले दिन का खाना कैसे मिलेगा और वह कहां जाकर सोएंगे। पैसे कमाने के लिए जब उन्हें कुछ नहीं सूझा तो मिथुन ने अपनी प्रतिभा की तरफ रुख किया। वह बड़ी पार्टियों में डांस करके रोजी-रोटी चलाते थे।

### कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी बेटी

मिथुन के 3 बेटे और 1 बेटी हैं। बेटी दिशानी को उन्होंने गोद लिया था। दिशानी को गोद लिए जाने की कहानी भी बड़ी भावुक है। दरअसल, मिथुन को दिशानी एक कचरे के ढेर में पड़ी मिली थी। उस बच्ची को एनजीओ ने बचाया और अपने पास सुरक्षित रखा। वह उस वक्त नाजुक हालत में थी। जैसे ही मिथुन को इस बारे में पता चला, वह तुरंत उससे मिलने पहुंचे और तब उन्होंने उस बच्ची को गोद ले लिया था।



### हेलन के असिस्टेंट थे मिथुन

शुरुआती दौर में जब मिथुन काम की तलाश में मायानगरी मुंबई पहुंचे तो उन्हें कोई काम देने के लिए तैयार नहीं था। वह काम की तलाश में दर-दर भटकते रहे। फिर उन्हें बाद में बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हेलन का असिस्टेंट बनने का मौका मिला। इसके बाद वह धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया से जुड़ते चले गए। यहां से उनकी गाड़ी निकल पड़ी। उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-छोटे किरदार निभाए। सालों इंतजार के बाद मिथुन को 'मृगया' से बॉलीवुड में पहचान मिली।

### ...जब भूख के मारे नहीं निकली आवाज

मिथुन दा ने बताया कि कई बार हुआ, जब मिथुन ने भूखे पेट रातें गुजारीं। 'मृगया' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद जब एक पत्रकार उनका इंटरव्यू लेने पहुंचा तो भूख के मारे उनकी आवाज नहीं निकल रही थी। उन्होंने उससे कहा कि पहले खाना खिलाओ फिर इंटरव्यू देंगे।

## खबर संक्षेप

### अमरवाड़ा के लिए दूसरे दिन एक नामांकन-पत्र जमा हुआ

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के लिए 14 जून से नामांकन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन-पत्र जमा करने के दूसरे दिन 15 जून को एक अभ्यर्थी की ओर से नामांकन-पत्र जमा किया गया। 16 एवं 17 जून को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन-पत्र नहीं जमा किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है। नामांकन-पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा। मतगणना 13 जुलाई को होगी। राजन ने बताया कि नामंकन-पत्र दाखिल किए गए अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां चुनाव आयोग की वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

### हमीदिया में इमरजेंसी ट्रॉमा ब्लॉक में पानी का संकट, जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने राजधानी के हमीदिया अस्पताल में इमरजेंसी ट्रॉमा ब्लॉक में पीने के पानी का संकट होने और मरीजों के परेशान होने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने डीन, गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मरीजों को पीने के पानी की सुविधा वार्ड में बेड पर ही या वार्ड किसी निश्चित स्थान पर प्राप्त हो सके, इसके लिए कार्रवाई के सम्बन्ध में प्रतिवेदन 15 दिन में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि हमीदिया में नई बिल्डिंग के इमरजेंसी ट्रॉमा ब्लॉक में मरीजों को पानी नहीं मिल रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मोक्षदायिनी शिप्रा की पूजा-अर्चना कर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का किया शुभारंभ

# पुरातात्विक, आध्यात्मिक स्थलों के महत्व को बढ़ाने के साथ सहेजने और संवारने का माध्यम बनेगी शिप्रा तीर्थ परिक्रमा

*मुख्यमंत्री हजारों श्रद्धालुओं के साथ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में हुए शामिल*

*जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन और पुनरुद्धार का लोगों को दिलाया संकल्प*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा केवल यात्रा नहीं, यह शिप्रा तट पर स्थित पुरातात्विक, आध्यात्मिक स्थलों के महत्व को बढ़ाने, सहेजने, संवारने का माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन के पावन रामघाट पर मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी उज्जयिनी में पुण्य पावन सलिला मोक्षदायिनी शिप्रा के रामघाट पर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के शुभारंभ अवसर पर धर्म, आस्था और विश्वास का अद्भुत दृश्य निर्मित हुआ है। उन्होंने रामघाट पर शिप्रा की पूजा-अर्चना अभिषेक व आरती कर ध्वज का पूजन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की नदियों, जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन और पुनरुद्धार को समर्पित जलाभिषेक अभियान का उपस्थित जन और प्रदेशवासियों को संकल्प दिलाकर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का शुभारंभ किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल एवं पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के काम जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल एवं पर्यावरण संरक्षण, नदी पुनरुद्धार एवं पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। भारत में जन्म होना भाग्य है और उज्जैन व उसके आसपास जन्म लेना सौभाग्य की बात है। पुण्य-सलीला शिप्रा में 11 नदियां समाहित हैं। इसके किनारे पर 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है। सभी तीर्थों में अवंतिका तीर्थ बड़ा माना जाता है। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा केवल यात्रा नहीं यह शिप्रा तट पर स्थित पुरातात्विक, आध्यात्मिक स्थलों के महत्व को बढ़ाने, सहेजने, संवारने का माध्यम बनेगी। वैदिक घड़ी के माध्यम से उज्जैन का स्टेण्डर्ड समय देश-दुनिया के समय के रूप में पुनर्स्थापित होगा। डॉ. यादव ने सभी परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए परिक्रमा की सफलता के लिए बधाई दी।

### पुष्प वर्षा से हुआ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव संत समाज, श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों के साथ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में पैदल चलकर शामिल हुए। परिक्रमा करने वालों में अपार उत्साह था। तीर्थ यात्रियों के हाथों में परिक्रमा के ध्वज लहरा रहे थे। परिक्रमा मार्ग पर विभिन्न धार्मिक-सामाजिक और स्वयंसेवी संगठनों ने पुष्पवर्षा कर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का स्वागत किया। शिप्रा तट पर पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचासीन सन्तगण बालयोगी उमेशनाथ महाराज (राज्यसभा सदस्य), सन्त भगवानदास महाराज, कुशलदास महाराज, महन्त हरिदास महाराज एवं अनिल गुरु महाराज का स्वागत किया। इस मौके पर सांसद अनिल फिरोजिया, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सन्तगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा रामघाट से शुरू होकर नृसिंहघाट, आनन्देश्वर मंदिर, जगदीश मंदिर, गऊघाट, जंतर-मंतर, वरूणेश्वर महादेव मंदिर (शीतल गेस्ट हाउस) से इन्दौर रोड सीएचएल अस्पताल, प्रशांतधाम मंदिर, गुरूकुल (त्रिवेणी) नवग्रह शनि मंदिर पहुंचेगी। यहां दोपहर का भोजन व विश्राम होगा। इसके बाद यात्रा गोठडा, सिंकदरी, से गुरूनानक घाट होते हुए दत्त अखाडा पहुंचेगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में इंडियन कॉफी हाउस का शुभारंभ किया

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार 15 जून को उज्जैन में पुलिस कंट्रोल रूम के समीप लगभग ढाई हजार स्क्वायर फीट क्षेत्र में बनाए गए इंडियन कॉफी हाउस रेस्टोरेंट का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित करने के बाद वहां पर बैठकर स्वल्पाहार किया और भोजन के गुणवत्ता की सराहना की। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि इस इंडियन कॉफी हाउस में पुलिस विभाग के लिए विशेष 30 प्रतिशत का डिस्काउंट प्रदान किया जाएगा। शुभारंभ के बाद आमजन के लिए यह शुरू हो जाएगा। इंडियन कॉफी हाउस की पहली शाखा प्रदेश के जबलपुर में शुरू की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की जनता एवं पुलिस प्रशासन कि सुविधा के लिए इंडियन कॉफी हाउस प्रारंभ हुआ है। इसके माध्यम से सभी को उच्च गुणवत्ता वाला भोजन मिलेगा। शुभारंभ के दौरान सांसद संत उमेश नाथ महाराज, विधायक महेंद्र कालूखेड़ा, संभागायुक्त संजय गुप्ता, आईजी संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**8 शहरों को जोड़ चुकी है यह सेवा**

# उज्जैन से इंदौर पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा का सीएम ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन से इंदौर के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री भोपाल से जबलपुर, रीवा, सिंगरौली तथा ग्वालियर से खजुराहो आदि स्थानों के लिए इस सेवा का शुभारंभ कर चुके हैं। उज्जैन-इंदौर सेवा शुरू हो जाने से पर्यटकों को इंदौर से उज्जैन आने-जाने में काफी सहूलियत हो जाएगी। अभी सड़क मार्ग से आने-जाने में काफी वक्त लगता है। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा में प्रदेश के 8 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने ग्वालियर से खजुराहो के लिए इस सेवा का शुभारंभ किया है। उधर, पर्यटन विभाग के अनुसार इच्छुक पर्यटक www.flyola.in पर ऑफर, शेड्यूल और किराया संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### इंदौर से उज्जैन आने-जाने में काफी सहूलियत होगी



पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का संचालन मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से लोक निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लाईओला) के जरिए किया जा रहा है। वायु सेवा की बुकिंग के लिए इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर के एयरपोर्ट पर बुकिंग काउंटर स्थापित किए गए हैं।

**सोशल मीडिया में जंगली हाथियों के दल का वीडियो वायरल**

# नदी किनारे दिखा जंगली हाथियों का दल, एक दर्जन से अधिक गांव में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों जंगली हाथियों की बढ़ती हुई संख्या से एक दर्जन से अधिक गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। शनिवार की शाम सोशल मीडिया में जंगली हाथियों के दल का एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसे देखकर ग्रामीणों का डरना लाजमी है। शनिवार की शाम धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम एडूकला में जंगली हाथियों का एक दल कुरकुट नदी के किनारे विचरण करते देखा गया है। क्षेत्र में जंगली हाथियों के बड़े दल का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

### 50 से अधिक हाथी कर रहे विचरण



गांव के ग्रामीणों ने बताया कि छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले एडूकला गांव में बीते 10 दिनों से अधिक समय से 50 से अधिक जंगली हाथियों का दल क्षेत्र के जंगलों में विचरण कर रहे हैं। जिससे शाम होते ही गांव में लोग अपने घरों से निकलने में डरने लगे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम एडूकला में हाथियों ने दल ने बीती रात शासकीय उचित मूल्य की दुकान में दस्तक देते चैनल गेट को तोड़ते हुए करीब 10 बोरी चावल का चट कर दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन करने में जुट गई है।

**पुलिस ने किया हत्या के मामले का खुलासा**

# प्यार में रुकावट बन रहा था पति पत्नी ने प्रेमी के साथ कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर की पुरानी बस्ती पुलिस ने महादेव घाट के पास खारुन नदी में 10 जून को मिले मृत युवक की मौत का खुलासा किया है। सायबर सेल और पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने कई सीसीटीवी फुटेज और मृतक के करीबियों के मोबाइल नंबरों को खंगालने के बाद दोनों आरोपियों को दबोचा। मृतक की पत्नी ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटा दिया। उसे मौत की नींद सुली दी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने तीन नग मोबाइल, एक बाइक, एक आटो वाहन भी जब्त किया किया है।

आरोपी विधाता यादव किराए पर ऑटो चलाता था। उसकी पत्नी का ऑटो मालिक से अवैध संबंध था। दोनों को मोबाइल पर बात करते हुए देख लेने पर विधाता ने पत्नी के साथ मारपीट की और ऑटो मालिक से भी लड़ाई झगड़ा की।

अमजद खान अपने नाम का एक मोबाइल फोन और एक सिम मीना यादव को दिया, जिस पर दोनों बात करते थे। मीना आरोपी प्रेमी अमजद के साथ जिंदगी बिताना चाहती थी, इसलिए वह अपने पति से को रास्ते से हटाने के लिए अमजद से कहा। आरोपी अमजद अपने ऑटो ड्राइवर अन्नू प्रजापति को मिलाकर रात में दारू पार्टी कर खुड़मुड़ा घाट पुल के ऊपर भाठागांव ले गया और लोहे की पटिया से विधाता के सिर पर वार कर हत्या कर दी। इसके बाद पुल से नीचे पानी में फेंक दिए।

# दुर्गा वाहिनी की 250 से अधिक बहनों ने दंड और तलवार चलाकर किया शौर्य का प्रदर्शन

## दुर्गा वाहिनी का प्रांत शौर्य प्रशिक्षण का आठ दिवसीय आयोजन का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

बलरामपुर रामनुजगंज दुर्गा वाहिनी का प्रांत शौर्य प्रशिक्षण एवं घोष वर्ग का आठ दिवसीय आयोजन का समापन शनिवार देर शाम को हो गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री नंददास डहरिया, प्रांत दुर्गा वाहिनी शक्ति साधना प्रमुख भारती सिंह ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री मदन मोहन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अभिषेक मिश्रा, बजरंग दल के जिला संयोजक जस्सू केसरी, दुर्गा वाहिनी की विभाग संयोजिका रश्मि के उपस्थिति में हुआ। दुर्गा वाहिनी के प्रांत शौर्य प्रशिक्षण एवं घोष वर्ग के आठ दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन दुर्गा वाहिनी के बहनों के द्वारा शौर्य का प्रदर्शन किया गया जिसमें दंड चलाना तलवार चलाना घोष का प्रदर्शन किया वही अपनी बौद्धिक का भी प्रदर्शन प्रदर्शन किया। जिसकी खूब सराहना हुई जिला मुख्यालय में पहली बार दुर्गा वाहिनी ऐसा आयोजन हुआ। वहीं अतिथियों के द्वारा दुर्गा वाहिनी के कार्य एवं इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### पथ संचलन का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

जिला मुख्यालय में दुर्गा वाहिनी के बहनों का अस्त्र-शस्त्र, बाजे गाजे एवं भगवा ध्वज के साथ सैकड़ो दुर्गा वाहिनी के बहनों का पथ संचलन नगर के प्रमुख चौक चौराहे से होकर गुजरा इस दौरान पुष्प वर्षा से नगर वासियों के द्वारा पथ संचलन का स्वागत किया गया।

## पेज एक का शेष

### अब सिलेबस में ...

के लिए समर्थकों को जुटाने के लिए लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व वाली भाजपा की रथ यात्रा, बाबरी मस्जिद को गिराने में कार सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका, 6 दिसंबर 1992 को मस्जिद के विध्वंस के बाद हुए सांप्रदायिक दंगे, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन और अयोध्या में हुई घटनाओं पर भाजपा का खेद शामिल है। नई पाठ्यपुस्तक के इस पैराग्राफ में कहा गया है कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि किसी भी समाज में संघर्ष होना तय है। हालांकि, एक बहु-धार्मिक और बहुसांस्कृतिक लोकतांत्रिक समाज में, इन संघर्षों को आमतौर पर कानून की उचित प्रक्रिया के बाद हल किया जाता है। अदालती सुनवाई, मध्यस्थता प्रयासों, लोकप्रिय आंदोलनों सहित कई लोकतांत्रिक और कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से, और अंततः 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के 5-0 के फैसले के साथ, अयोध्या मुद्दा हल हो गया. इस फैसले ने विवाद में शामिल विभिन्न हितधारकों के परस्पर विरोधी हितों में सामंजस्य बिठाने की कोशिश की। फैसले ने विवादित स्थल को राम मंदिर के निर्माण के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को आवंटित कर दिया और संबंधित सरकार को सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को मस्जिद के निर्माण के लिए एक उपयुक्त स्थल आवंटित करने का निर्देश दिया। इस प्रकार, लोकतंत्र संविधान की समावेशी भावना को कायम रखते हुए हमारे जैसे बहुलवादी समाज में संघर्ष समाधान के लिए जगह देता है। पुरातात्विक उत्खनन और ऐतिहासिक अभिलेखों जैसे साक्ष्यों के आधार पर कानून की उचित प्रक्रिया के बाद इस मुद्दे को हल किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समाज ने बड़े पैमाने पर जश्न मनाया।

### किताब में किए...

एक नया उपखंड जोड़ा गया है। इसमें कानूनी समाधान प्रक्रिया और राम मंदिर के निर्माण पर जोर दिया गया है। 4कारसेवा का जिक्र हटाया गया।

### केंद्र का आतंक...

कि आतंकवाद का सफाया होना जरूरी है। शाह तेवरों को देखते हुए कहा जाने लगा है कि केंद्र सरकार का आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया जाएगा और स्लीपर सेल पर भी कड़ी मार पड़ने वाली है। बैठक में जम्मू-कश्मीर से एलजी सिन्हा, मुख्य सचिव अटल डुलू, डीजीपी आरआर स्वैन, विजय कुमार, एडीजीपी (एलएंडओ), जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और खुफिया अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

**अमरनाथ यात्रा के लिए 500 कंपनियां तैनात होंगी:** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिन की होगी। यात्रा से पहले केंद्र ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबलों की 500 कंपनियों को घाटी में तैनात करने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक सीआरपीएफ, बीएसएफ,आईटीबीपी और सीआईएसएफ समेत केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल की 500 कंपनियों को अमरनाथ यात्रा के रूट पर तैनात किया जाएगा। यात्रा को देखते हुए शाह ने अधिकारियों से यात्रा रूट और नेशनल हाईवे पर अतिरिक्त बलों की तैनाती करने कहा है। शाह ने एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे कश्मीर घाटी में एरिया डोमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के जरिए हासिल की गई सफलताओं को जम्मू संभाग में भी दोहराएं। वहीं दूसरी तरफ बताया जा रहा है कि इस बार अमरनाथ यात्रियों को उनकी लोकेशन पता करने के लिए विशेष कार्ड और पांच लाख का बीमा कवर भी दिया जा सकता है।

**ये है सरकार का प्लान:** हाल की जितनी भी आतंकी घटनाएं हुई है, उनमें एक बड़ा पैटर्न यह देखने को मिला है कि दहशतगर्द चोरी छिपे जम्मू कश्मीर में जंगलों के रास्ते से एंट्री कर रहे हैं। घटनाओं का जिक्र करते हुए अमित शाह ने अधिकारियों को बोला है कि उन सभी रास्तों को बंद किया जाए जहां से विदेशी आतंकवादी घुसने में कामयाब हो जाते हैं। वैसे बैठक के दौरान अगर कई सारी चिंताजनक बातों का जिक्र रहा, इसके अलावा अमित शाह ने संतुष्टि भी जाहिर की। असल में एक आंकड़ा सामने आया जिसमें कहा गया है कि पिछले कुछ सालों में जो स्थानीय आतंकी हैं, उनकी भर्ती में भारी कमी देखने को मिली है। इस बात से अमित शाह खासा उत्साहित हैं।

### किसी भी कीमत...

आने वाले दिनों में अमरनाथ यात्रा और चुनाव जैसे बड़े कार्यक्रम भी होने जा रहे हैं। उस बात का जिक्र करते हुए भी अमित शाह ने अधिकारियों को कहा है कि पूर्ण सुरक्षा कवर दिया जाए, यात्रा मार्गों पर सुरक्षा को और ज्यादा मुस्तैद किया जाए, जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त फोर्स की तैनाती भी हो।

### भारत-अमेरिका के...

में शामिल कई अन्य वरिष्ठ मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। इसमें रक्षा और विदेश मंत्री शामिल हैं। हालांकि सुलिवान की इन बैठकों को लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

**जीई-414 इंजन, प्रीडेटर ड्रोन जैसे मुद्दों पर चर्चा:** शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने बताया कि इस सम्मेलन से जुड़ी हुई मुख्य बैठक 17 जून को होगी। इसके केंद्र में पिछले साल जनवरी में वाशिंगटन में आईसीईटी पर हुई पहली बैठक में शामिल सभी प्रस्तावों की समीक्षा करना है। इसमें भारतीय वायुसेना के तेजस मार्क-2 लड़ाकू विमानों से जुड़े हुए जीई-414 जेट इंजन को लेकर अमेरिका द्वारा भारत को किया जाने वाली तकनीक का आदान-प्रदान और भारतीय नौसेना के लिए अमेरिका से की जाने वाली 31 एमक्यू-9 बी सशस्त्र प्रीडेटर ड्रोन की खरीद, लॉइट्रिंग एम्युनिशन जैसे रक्षा उत्पादों के साझा विकास के मामले पर भी चर्चा संभव है। बैठक में भारत में सेमीकंडक्टर को लेकर स्थापित की जाने वाली सतत सप्लाई चेन, स्पेस तकनीक, क्वांटम कंप्यूटर और दूरसंचार के मुद्दों पर बातचीत की जा सकती है।

### मणिपुर की मौजूदा स्थिति...

कर दो समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे हिंसात्मक आंदोलन के बीच से शांति का रास्ता निकालने का चौतरफा प्रयास करेंगे। अमित शाह से मुलाकात से पहले मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के सुचारू एवं सफल आयोजन के लिए राष्ट्रपति को बधाई दी। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को मणिपुर में आई बाढ़ तथा एजन्सियों द्वारा किए गए राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी दी साथ ही राज्य के राहत शिविरों में विस्थापित व्यक्तियों की कठिनाइयों के बारे में बताया। राज्यपाल की बात को सुनते हुए राष्ट्रपति ने राज्य को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को मणिपुर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।


### उपराष्ट्रपति ने संसद...

उद्यानों और जल निकायों के साथ एक हरित पट्टी में बदलना, भारत की वनस्पतियों की समृद्ध विविधता और स्वदेशी और मौसमी पौधों को लगाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए, सांसदों को गेट से संसद भवन तक ले जाने के लिए बैटरी चालित वाहनों की शुरुआत की जा रही है। बिरला ने बताया कि यह भी कार्य योजना है कि उन प्रतिमाओं के समीप नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से उन महापुरुषों की जीवनगाथा, उनके सन्देश भी आगंतुकों के लिए उपलब्ध हों ताकि सभी को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा मिले, और इसीलिये इस स्थल का नाम प्रेरणा स्थल दिया गया है।

### दक्षिण पूर्व एशिया से...

पश्चिम की एक साजिश बताते हुए खारिज कर दिया था। वहीं, इटली में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में समूह देशों के राष्ट्राध्यक्षों के अलावा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की भी शामिल हुए थे। अपूलिया में ही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच एक द्विपक्षीय बैठक हुई थी। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन विवाद का बातचीत और कूटनीति से समाधान निकालने के भारत के पुराने रुख पर ही जोर दिया था। साथ ही बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूक्रेन के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की थी।

**भागीदारों के बीच हो शांति का ईमानदार प्रयास:** विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) ने कहा कि यूक्रेन विवाद में दोनों पक्षों के बीच शांति स्थापित करने के लिए भारत का यह भी मानना है कि सभी भागीदारों को शामिल कर शांति स्थापित करने के लिए ईमानदारी से वास्तविक आधार पर कोशिश की जानी चाहिए। इसी के तहत हम दोनों पक्षों और विवाद से जुड़े अन्य भागीदारों के साथ यूक्रेन में शांति स्थापित करने के तमाम प्रयासों से जुड़ने के लिए तैयार हैं। इस शांति सम्मेलन में हमारी भागीदारी और अन्य पक्षों के साथ की गई गतिविधियां उक्त विचार से ही जुड़ी हुई हैं। सम्मेलन के जरिए अलग-अलग पक्षों और उनकी राय को जानने-समझने का अवसर मिला। जिससे विवाद का एक सतत समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत का विचार यह है कि वह विकल्प जो दोनों पक्षों (रूस और यूक्रेन) को स्वीकार हो। उसकी मदद से ही शांति स्थापित की जा सकेगी। अपनी इसी सोच के साथ हमने इस सम्मेलन के अंत में निकलकर सामने आने वाले किसी भी संयुक्त घोषणापत्र या अन्य दस्तावेज में शामिल न होने का निर्णय किया है।



## चिंतन

# ईवीएम की प्रमाणिकता को लेकर बहस बंद हो

भारतीय ईवीएम पर राजनीतिक बहस खत्म होनी चाहिए। भारतीय स्वदेशी तकनीक पर सबको भरोसा होना चाहिए। ईवीएम की सत्यता, प्रमाणिकता और तकनीकता को लेकर किसी को आशंका नहीं होनी चाहिए। चुनाव आयोग ईवीएम की तकनीक को लेकर अनेक बार प्रमाणिक सफाई दे चुका है, आरोप लगाने वाले दलों को अपने आरोपों को तकनीकी रूप से सिद्ध करने का अवसर दे चुका है। सुप्रीम अदालत में ईवीएम-वीवीपैट मामले पर तार्किक जिरह हो चुकी है, इसके बावजूद देश में हर चुनाव के वक्त विपक्षी दलों की ओर से ईवीएम पर सवाल उठाना एक ट्रेंड बन गया है, चाहे फैसला जो भी हो। ईवीएम पर विवाद करना अपनी स्वदेशी तकनीकी उपलब्धि पर संदेह जताना है। अमेरिकी व्यापारी एलन मस्क ने एआई से ईवीएम को हैक करने को लेकर जो भी बयान दिया है, उसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। ईवीएम किसी भी बाहरी तकनीक से कंट्रोल्ड नहीं है, इसलिए इंटरनेट आधारित किसी भी तकनीक से ईवीएम को न हैक किया जा सकता है, न संचालित और न नियंत्रित किया जा सकता है। ईवीएम एक सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर है, जो किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग है, किसी से कनेक्ट नहीं है, ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट से जुड़ा नहीं है। यानी हैक या नियंत्रण को कोई रास्ता ही नहीं है। ईवीएम फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर है, जिसे दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता है। इसलिए यह सुरक्षित है। चुनाव आयोग ने एलन मस्क के बयान के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी व सपा सांसद अखिलेश यादव की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा कि ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता है। ईवीएम डिवाइस किसी भी अन्य डिवाइस से कनेक्ट नहीं रहता है। इस वक्त महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट के सांसद रविंद्र वायकर की मामली वोटों से जीत के बाद उनके रिश्तेदार के खिलाफ मोबाइल मतगणना केंद्र पर पहुंचाने व संदिग्ध स्थिति में रखने के आरोप को लेकर केस दर्ज किया गया है, जिसकी महाराष्ट्र पुलिस जांच कर रही है। उसके बाद चुनाव आयोग भी जांच करेगा। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नवंबर में होना है, वहां इंटरनेट आधारित ईवीएम को लेकर बहस जारी है, अमेरिका में चुनाव बैलेट पेपर से होता है। उन्होंने अमेरिकी सरकार को मत पत्र से ही चुनाव कराने की सलाह दी है और इसी संदर्भ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से ईवीएम के हैक व कंट्रोल्ड करना संभव है, जैसा बयान दिया हो, उन्हें डर हो कि कहीं अमेरिका भारतीय ईवीएम के जरिये न चुनाव कराने का विचार करे। दूसरा कारण भी हो सकता है, पश्चिम ने कभी भी भारतीय तकनीक को दिल से नहीं स्वीकारा है। ईवीएम भारत में जेनरेटेड है, यह एक फुलप्रूफ तकनीक है, इसकी गुणवत्ता को पश्चिम के लिए स्वीकारना मुश्किल रहता है। ईवीएम पर एलन मस्क के बयान को इन दोनों ही संदर्भ में देखा जा सकता है। चिंता तब होती है, जब किसी पश्चिमी विदेशी के द्वारा भारतीय ज्ञान या उपलब्धि या व्यवस्था के खिलाफ अनर्गल आलाप किया जाता है तो हमारे देश के विपक्षी नेता बिना परीक्षण किए, उसके मकसद को समझे सुर में सुर मिलाने लगते हैं। राहुल गांधी व अखिलेश यादव को तथ्यात्मक रूप से सही बातें ही कहनी चाहिए। ईवीएम पर विवाद का अंत होना चाहिए, भारतीय को अपनी तकनीक पर भरोसा होना चाहिए।



मौद्रिक समीक्षा
सतीश सिंह

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। महंगाई पर केंद्रीय बैंक संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है।

# महंगाई-विकास में संतुलन की पहल

महंगाई और विकास के बीच संतुलन साधने के लिए ताजा मौद्रिक समीक्षा में मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत के दर पर यथावत रखा है। इसके पहले फरवरी 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की गई थी। रिजर्व बैंक रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दे।

मौजूदा समय में महंगाई दर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। केयर एज रेटिंग के अनुसार कर्ज दर के नरम नहीं होने के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत के आसपास रही है और वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 14 से 14.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। ऐसी स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद ही सकारात्मक है। हालांकि, इसे अपवाद वाली स्थिति कहा जा सकता है। बहरहाल,कर्ज देने की रफ्तार में तेजी बनी रहने के कारण आर्थिक गतिविधियों और विकास दर दोनों में तेजी आ रही है। इसी वजह से भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने विकास अनुमान को 7.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2023-2024 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 रही, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 6.1 प्रतिशत रही थी। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से 1.2 प्रतिशत अधिक है यानी रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 7 प्रतिशत लगाया था। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रही थी। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार विनिर्माण और खनन के क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन से आलोच्य अवधि में विकास दर तेज रही। विनिर्माण क्षेत्र में 9.9 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में माइनस 2.2 प्रतिशत रही थी। इसी प्रकार खनन क्षेत्र में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 7.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1.9 प्रतिशत रही थी। उल्लेखनीय है कि विनिर्माण क्षेत्र रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खुदरा महंगाई अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है और अनुमान है कि गर्मियों में खुदरा महंगाई में बहुत ज्यादा नरमी नहीं आएगी। वैसे, सर्दी के मौसम में इसमें कुछ नरमी आ सकती है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने का



अनुमान जताया है, लेकिन यह स्तर विकास के लिए निर्णायक निर्णय लेने के लिए पर्याप्त नहीं है। मई महीने में थोक महंगाई बढ़कर 15 महीनों के ऊपरी स्तर 2.61 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि फरवरी 2023 में यह 3.85 रही थी। वहीं,अप्रैल 2024 में यह 1.26 प्रतिशत रही, जो 13 महीने का उच्चतम स्तर था। मार्च 2024 में यह 0.53 रही और फरवरी महीने में 0.20 प्रतिशत। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 12 जून 2024 को खुदरा महंगाई का आंकड़ा जारी किया था, जिसके अनुसार मई महीने में खुदरा महंगाई 4.75 प्रतिशत रही, जो 12 महीने का निचला स्तर था। अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई में कुछ कमी आई थी, लेकिन वह मई महीने से थोड़ी अधिक 4.83 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून 2023 में खुदरा महंगाई 4.81 प्रतिशत थी, जबकि जुलाई 2023 में यह 4.44 प्रतिशत रही थी।

महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर या खरीदने की क्षमता से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपये का मूल्य सिर्फ 94 रुपये होगा, इसलिए महंगाई के स्तर के अनुरूप निवेशकों को निवेश करना चाहिए, अन्यथा उन्हें प्रतिफल कम मिलेगा। महंगाई का बढ़ना और घटना उत्पाद की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा उत्पाद खरीदेंगे और ज्यादा उत्पाद खरीदने से मांग बढ़ेगी और मांग के मुताबिक आपूर्ति नहीं होने पर उत्पादों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह, बाजार महंगाई के दुष्चक्र में फंस जाएगा। बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या उत्पाद की कमी महंगाई का कारण बनता है। वहीं,अगर मांग कम होगी और आपूर्ति ज्यादा होगी तो महंगाई कम होगी। ग्राहक खुदरा बाजार से सामान खरीदते हैं और बाजार में मौजूद उत्पादों की कीमत में हुए बदलाव को मापने का काम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) करता है। उत्पाद और सेवाओं के लिए जो औसत मूल्य चुकाया जाता है,सीपीआई उसी को मापता है।कच्चे तेल, उत्पादों की कीमतों, निर्माण की लागत के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जो खुदरा महंगाई दर को तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में लगभग 300 उत्पाद ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर खुदरा महंगाई दर तय होती है। इस तरह, किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम होती है। फिर,उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। इसकी वजह से आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं और विकास की गति बाधित होती है।

विगत कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। एचएसबीसी इंडिया का पीएमआई आंकड़ा मई 2024 में 57.5 पॉइंट रहा, जो अप्रैल महीने में 58.8 प्वाइंट रहा था, वहीं, कंपोजिट पीएमआई मई 2024 में 60.50 पॉइंट था, जो अप्रैल 2024 में 61.50 प्वाइंट रहा था। आंकड़ों से साफ आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी हुई है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद चिंताजनक स्तर पर है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा गया है। मंहगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है,ताकि आम आदमी को परेशानी भी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर में एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित रॉकफोर्ट उच्ची पिल्लयार कोइल मंदिर एक और ऐसा प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो पहाड़ी की चोटी पर विराजित है और हिन्दुओं के बीच काफी महत्वपूर्ण महत्व रखता है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

डॉ. मोनिका शर्मा



# प्रकृति संरक्षण की मुहिम

मरुस्थल बनती धरती पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। उजड़ती हरियाली से न केवल तपिश बढ़ रही है,बल्कि बढ़ते प्रदूषण ने भी जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में पेड़ लगाना और सहेजना ही धरती के रंग और इंसानों का जीवन बचा सकता है। हवा में घुलते जहर, बढ़ते तापमान और मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कटते वृक्षों से पैदा हो रहे पर्यावरण असंतुलन से मुकाबला करने का एकमात्र रास्ता अधिक से अधिक पेड़ लगाना ही है। हाल ही में देशवासियों से अपने ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का अनुरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरुआत की है। इस मुहिम का व्यावहारिक पक्ष यह है कि यह पेड़ लगाने की औपचारिकता पूरी करने भर से नहीं बल्कि रोपे गए पौधे को पोसने के भाव से भी जुड़ी है। हर साल बड़ी संख्या में वृक्षारोपण के बावजूद पालने-पोसने के प्रति गंभीरता न रखने के कारण बहुत से पौधे नष्ट हो जाते हैं। ऐसे में वृक्षारोपण अभियान के साथ भावनात्मक जुड़ाव का भाव होना पेड़ लगाने के बाद उसे बचाने में भी मददगार साबित होगा। इसी भाव को बल देने वाली मुहिम को लेकर प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा था कि 'मैंने प्रकृति मां की रक्षा करने और सतत जीवनशैली अपनाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप एक पेड़ लगाया। मैं आप सभी से यह आग्रह करता हूं कि आप भी हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान दें।' विचारणीय है कि वृक्षारोपण के सामूहिक प्रयास सदा से अहम रहे हैं पर वृक्षारोपण का सद्विचार ही काफी नहीं है। समस्या लगाए गए पेड़-पौधों की देखभाल के प्रति गंभीर न रहने की ज्यादा है। कभी रोपे गए पौधे सिंचाई के अभाव में या तो सूख जाते हैं तो कभी मवेशी खा जाते हैं। संबन्धित विभागों की लापरवाही के कारण बाकायदा अभियान चलाकर रोपे गए पेड़ भी सूख जाते हैं, जबकि वन क्षेत्रों में नहीं गांवों-शहरों में भी निर्माण कार्यों के कारण पेड़ों की कटाई निरंतर जारी है। एक ओर बढ़ती आबादी के कारण शहरी इलाकों में आवासीय क्षेत्रों का विस्तार हो रहा है तो दूसरी ओर गांवों-कस्बों में भी जमीनी जीवनशैली में बदलाव आया है। ध्यातव्य है कि वन विभाग की ओर से हर वर्ष नर्सरी तैयार कर वन क्षेत्रों में पौधे रोपे जाते हैं, पर लक्ष्य से दोगुनी संख्या में पौधे रोपने बावजूद काटे जा रहे पेड़ों की तुलना में नए पेड़ कम ही लग पाते हैं, जिसके कारण वन क्षेत्र संरक्षित करना भी आसान नहीं है, पर भारत में वन हानि रोकने के प्रयास गंभीरता से किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अभियान जुड़कर लोग शहरी क्षेत्रों में बची खाली जगहों, उद्यानों और अपने घर के आंगन को हराभरा बनाकर प्रकृति संरक्षण में भागीदार बन सकते हैं। असल में प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के कारण खत्म हो रही हरियाली को पोसने के मोर्चे पर पौधरोपण संग निजी जुड़ाव और जवाबदेही का यह भाव वाकई सहायक सिद्ध हो सकता है। अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने को प्रेरित करने वाला यह अभियान वृक्षों को बचाने वाली व्यावहारिक और प्रेरणादायी पहल है। धरती माता के आंगन को हराभरा रखने वाली संवेदनासिक्त मुहिम है। समझना मुश्किल नहीं कि अपनी माता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के रूप में वृक्ष रोपने वाला हर इंसान उसे सहेजने के भी पूरे प्रयास करेगा। यह मानवीय मन का बहुत व्यावहारिक सा पक्ष है कि व्यक्तिगत जुड़ाव के बाद संरक्षण का भाव और प्रबल हो जाता है। यही जुड़ाव प्रकृति को संरक्षित करने वाले भाव-चाव का कभी ना डिगने वाला आधार बन सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
**दर्शन**

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**विवादों में नीट परीक्षा परिणाम**

इस साल नीट परीक्षा विवादों में है। नीट परीक्षा परिणाम को लेकर सरकार और नीट आयोजित करने वाली संस्था पर घोटाले और गड़बड़ी का आरोप लगाया जा रहा है। लोग सड़कों पर उतर कर नीट परीक्षा दोबारा कराने की मांग कर रहे हैं। अब इस पर भी सियासत होने लगी है। वहीं जिन बच्चों ने परीक्षा पास की है वो अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही है, तो सुप्रीम कोर्ट ने पूरी परीक्षा रद्द करने की मांग को गलत बताया है। शिक्षा मंत्री ने कहा है कि सरकार छात्रों के साथ है और इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई भी होगी, लेकिन इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना गलत है। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विषय में क्या कदम उठाती है ताकि भविष्य में छात्रों के साथ ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और पढ़ाई से उनका ध्यान न भटके। *-विपिन नागरे, रायगढ़*

## ट्रेंड

### स्वास्थ्य संकट पर चिंतित



वेस्ट बैंक, कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में डब्ल्यूएचओ वहां के बढ़ते स्वास्थ्य संकट के बारे में चिंतित है, जहां स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर हमले और आंदोलन पर बढ़ते प्रतिबंध स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में बाधा डाल रहे हैं।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### ट्रैक पर रहना होगा



यदि आप सचेत हैं कि आप नश्वर हैं, तो कुछ भी मूर्खतापूर्ण करने का समय नहीं है। आपको ट्रैक पर रहना होगा। आध्यात्मिक पथ का सबसे बुनियादी पहलू अपने आप से सौ प्रतिशत सीधा होना है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### नागरिकता का मार्ग मिला



आज से बारह साल पहले, मेरे प्रशासन ने डेफर्ड एक्शन फॉर चाइल्डहुड अराइवल्स प्रोग्राम या डीएसीए की घोषणा की थी, जिससे बिना दस्तावेज वाले आप्रवासियों को, जिन्हें बचपन में इस देश में लाया गया था, नागरिकता का मार्ग मिल गया।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### फिर भी बहुत अधिक




हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को ख़त्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है।

-एलन मस्क, उद्योगपति

## करंट अफेयर


# भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय



भारत में हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के परिणामों पर निराशा व्यक्त करते हुए एक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी ने शनिवार को कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय है न कि जीत का जश्न मनाने का। 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा यूएसए' द्वारा आयोजित विजय समारोह के दौरान डॉ. भरत बरई ने पार्टी के सदस्यों से कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने भारत में जो काम किया है उसके लिए उन्हें 400 सीट मिलनी चाहिए थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तो अब सवाल यह है कि क्या हमें आत्मचिंतन करने की कोशिश करनी चाहिए, यह देखने की कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हुआ?' उन्होंने कहा, 'अगर हम सिर्फ जश्न मनाते रहेंगे तो अगली बार यह सुनने को मिलेगा कि महाराष्ट्र से भाजपा बाहर हो चुकी है। इसलिए, हमारे लिए यह आत्ममंथन करना बेहद जरूरी है कि 400 सीट मिलने के बजाय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को सिर्फ 292 सीट ही क्यों मिलीं? और पिछले चुनावों में जब भाजपा पूर्ण बहुमत में थी तो इस बार 240 सीट ही क्यों मिलीं?' डॉ. बरई ने कहा, 'इसलिए हमें अब बधाई देने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और इससे हमें यह रणनीति बनाने में मदद मिलेगी कि अगली बार हमें किस तरह के कदम उठाने चाहिए।'

## ऑफ बीट

# मीठे पानी के स्त्रोत कर रहे संकट का सामना



मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र प्राकृतिक दुनिया की जीवनरेखा हैं, फिर भी वह संकट का सामना कर रहा है। रिपोर्ट से पता चला है कि 1970 के बाद से वैश्विक मीठे पानी की कशेरुकी आबादी में 83 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है, जो किसी भी अन्य आवास की तुलना में कहीं अधिक है। मीठे पानी के पारिस्थितिकी तंत्र पृथ्वी के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का एक उपसमूह हैं। इनमें झीलें, तालाब, नदियां, धाराएं, झरने, दलदल और आर्द्रभूमि शामिल हैं। उनकी तुलना समुद्री पारिस्थितिकी प्रणालियों से की जा सकती है, जिनमें नमक की मात्रा अधिक होती है। मीठे पानी के आवासों को तापमान, पोषक तत्वों और वनस्पति सहित विभिन्न कारकों द्वारा वर्गीकृत किया जा सकता है। प्रकृति के क्षरण का स्तर चिंताजनक है, लेकिन पारिस्थितिकी तंत्र जटिल है। साथ ही मानवीय गतिविधियों के प्रभाव भी जटिल हैं। हमारे शोध से पता चलता है कि पर्यावरणीय डीएनए (ईडीएनए) का विश्लेषण करके मीठे पानी की धाराओं, नदियों और झीलों के भीतर छिपे रहस्यों को उजागर किया जा सकता है। इससे इन महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी प्रणालियों की अधिक कुशल निगरानी की उम्मीद जगती है। मछलियां और पक्षी आमतौर पर सुर्खियों में रहते हैं। उन पर दशकों से निगरानी रखी जा रही है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# बंगाल सरकार की नौकरियों में ट्रांसजेंडर समुदाय को दें एक फीसदी आरक्षण

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य में सभी सार्वजनिक नौकरियों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि राज्य ने स्वयं ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए रोजगार में समान व्यवहार की नीति अपनाई है।

हालांकि,राज्य में अभी तक सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए आरक्षण नहीं किया गया है।जस्टिस राजशेखर मंथा ने पश्चिम बंगाल सरकार के मुख्य सचिव को सभी तरह के सार्वजनिक रोजगार में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट का यह आदेश एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति की याचिका पर पारित किया गया। याचिकाकर्ता ट्रांसजेंडर व्यक्ति ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2014 और टीईटी 2022 में सफलता हासिल की, लेकिन उसे काउंसलिंग या साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया।

### राज्य में सभी सार्वजनिक नौकरियों में इन्हें दें सुविधा

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम



### काउंसलिंग की व्यवस्था भी करें

जस्टिस मंथा ने पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव को विशेष मामले के रूप में याचिकाकर्ता के साक्षात्कार और काउंसलिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

### उनके अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए

जस्टिस मंथा ने शुक्रवार को पारित आदेश में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2014 के एक मामले में कहा था कि किन्नरों को संविधान के भाग-3के तहत उनके अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से "तीसरे लिंग" के रूप में माना जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के स्वयं अपना लिंग तय करने के अधिकार को बरकरार रखते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे उनकी लिंग पहचान को पुरुष, महिला या तीसरे लिंग के रूप में कानूनी मान्यता प्रदान करें।

### आरक्षण का विस्तार करें

जस्टिस मंथा ने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे उन्हें सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े नागरिकों के वर्ग के रूप में मानने के लिए कदम उठाएं और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और सार्वजनिक नियुक्तियों के मामलों में सभी प्रकार के आरक्षण का विस्तार करें।

### ट्रांसजेंडर बिना किसी भेदभाव के समान अवसर के हकदार

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट को सूचित किया कि राज्य के महिला व बाल विकास और समाज कल्याण विभाग ने 30 नवंबर, 2022 को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसके तहत ट्रांसजेंडर व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के रोजगार के समान अवसर के हकदार हैं।

---

### ईवीएम को लेकर एक बार फिर देश की राजनीति में बवाल

# कुछ भी किया जा सकता है हैकः मस्क हैक नहीं किए जा सकते ईवीएमः राजीव









हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को न्यूज का जबरदस्त 'एक्स फैक्टर' देखने को मिला। अमेरिका एक दूरस्थ इलाके में हुए चुनाव में ईवीएम को लेकर एलन मस्क ने एक ट्वीट क्या कर दिया। बहस के सिलसिले ने भारत में हेडलाइन रच दिया। मस्क ने ईवीएम को हैक करने और उसमें छेड़छाड़ के अंदेशे को जाहिर करते हुए पेपर वोटिंग पद्धति की वकालत की। उनका आशय अमेरिका के प्यूर्टो रिको के चुनाव में ईवीएम में आई गड़बड़ी से संबंधित था। वहां पेपर ट्रेल से वोटिंग का मिलान कर विवाद को सुलझा लिया गया। मस्क के ट्रवीट को राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने लपक लिया। राहुल ने ईवीएम को 'ब्लैक बॉक्स' करार देते हुए लिखा,किसी और को भारत में ईवीएम जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जवाबदेही की कमी से लोकतंत्र दिखावा बन जाता है।

#### खतरों के बारे में दुनिया कह रही

उत्तरप्रदेश में 37 लोकसभा सीटें जीतकर देश को चौंकाने वाले अखिलेश यादव ने इस विवाद पर कहा, दुनिया भर के प्रौद्योगकी विशेषज्ञ खुलेआम ईवीएम से छेड़छाड़ के खतरों के बारे में लिख रहे हैं। हम अपनी मांग दोहराते हैं कि भविष्य में सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराए जाएं। विपक्षी दल के प्रमुख नेताओं के एक्टिव होते हुए सोशल मीडिया पर भाजपा के तमाम नेताओं ने राहुल पर आक्रमण तेज कर दिया।



#### मीडिया में आई खबर ने किया आग में घी का काम



जिस समय 'एक्स' पर एलन मस्क ने अमेरिकी चुनाव में हुए ईवीएम में गडबडी पर पोस्ट डाली उसी वक्त मुंबई के मिड-डे अखबार में उत्तर पश्चिम मुंबई की लोकसभा सीट पर 48 वोटों के अंतर से जीतने वाले शिंदे गुट के शिवसेना प्रत्याशी रविंद्र वाईकर के संबंधी मंगेश पंडीकर पर आरोप लगा है कि उन्होंने चार जून को वोटों की गिनती के दिन नेस्को सेंटर में ईवीएम मशीन को अपने मोबाइल से कनेक्ट कर ओटीपी जेनेरेट किया था। पुलिस ने मंगेशन पंडीकर और दिनेश गौरव को नोटिस भेज कर आरोप के संबंध में सफाई मांगी है और उस मोबाइल फोन को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। ये बात अलग है कि चुनाव आयोग ने खबर को फर्जी बताते हुए कहा है कि अखबार को भ्रामक खबर फैलाने के आरोप में नोटिस भेजा जाएगा। लेकिन इस विवाद को राहुल गांधी ने लपककर मिड-डे की खबर एक्स पर पोस्ट कर दी। जिससे ईवीएम पर बहस को नए सिरे से खादपानी मिला।

#### चंद्रशेखर की दो टूक

मस्क के एक पोस्ट में कहा गया कि कोई भी फुलप्रूफ डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सूचना एवं प्रोद्यौगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, मैंमस्क को इस बात का प्रशिक्षण दे सकता हू कि कैसे फुलप्रूफ ईवीएम का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने लिखा, कोई भी सुरक्षित हार्डवेयर नहीं बना सकता, ऐसा कहना किसी भी विषय को बहुत सामान्यीकरण करना होगा। राजीव ने



जोर देकर कहा कि मस्क का का विचार अमेरिका और अन्य देशों के लिए लागू हो सकता है जहां वे इंटरनेट से जुडी वोटिंग मशीनें बनाने के लिए नियमित कंप्यूट प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं। भारत में इस्तेमाल होने वाली ईवीएम के बारे में कई बार चुनाव आयोग साफ कर चुका है कि न तो ईवीएम में इंटरनेट का इस्तेमाल किया जा सकता है और न ही ब्लूटुथ या अन्य कनेक्शन से इसे कनेक्ट किया जा सकता है। राजीव ने तकनीकी की बारीकियों से मस्क को रूबरू करा दिया। उन्होंने लिखा, सैद्धांतिक रूप से कुछ भी हैक किया जा सकता है पर क्वांटम गणना के साथ मैं एनक्रिप्शन के किसी भी स्तर को डिक्रिप्ट कर सकता हूं। तकनीक और बहुत सारे संसाधनों के साथ मैं जेट के ग्लास कॉकपिट के उडान नियंत्रण सहित किसी भी डिजिटल हार्डवेयर, सिस्टम को हैक कर सकता हूं। भारतीय ईवीएम के सुरक्षित और विश्वसनीय होने का कारण यही है कि ये पूरी तरह फैक्ट्री मेड मशीन है। किसी बाह्य तकनीकी का इसमें इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

---

### लोकसभा अध्यक्ष पद भाजपा अपने पास रखना चाह रही

# भाजपा चाहती है अपना लोकसभा अध्यक्ष टीडीपी बोली- एनडीए में सबकी सलाह से हो नाम तय

लोकसभा उपाध्यक्ष पद विपक्ष को नहीं मिला तो अध्यक्ष पद पर उम्मीदवार उतार सकता है इंडिया गठबंधन





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा लोकसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखना चाहती है जबकि टीडीपी नाम तय होने से पहले एनडीए के भीतर सहमति चाहती है। हालांकि जद(यू) ने साफ कर दिया है कि एनडीए के सहयोगी दलों की बजाय अध्यक्ष पद पर पहला हक सबसे बड़े दल भाजपा का है।

उधर, विपक्षी इंडिया गठबंधन का कहना है कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को नहीं दिया गया तो अध्यक्ष पद पर वे भी अपना उम्मीदवार उतारेंगे। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष पद पर चुनाव 26 जून को निर्धारित है। अगर सत्तापक्ष और विपक्ष में सहमति बनती है तो अध्यक्ष निर्विरोध चुना जाएगा, वरना इसी दिन चुनाव होगा। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। जिसके लिए उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव एक दिन पहले दोपहर तक जमा किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और 3 जुलाई को सत्र का समापन होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी।

#### टीडीपी का समर्थन करेगी 'शिवसेना'

शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के नेता संजय राउत ने कहा कि लोकसभा स्पीकर पद के लिए लड़ाई अहम है। इस बार स्थिति 2014 और 2019 जैसी नहीं है। सरकार स्थिर नहीं है। अगर सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी ) लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार खड़ा करती है तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी सहयोगी उसके लिए समर्थन सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

#### भाजपा पहले पार्टी के भीतर करेगी विचार- मंथन

भाजपा का कहना है कि इस मामले पर पहले पार्टी के भीतर विचार किया जाएगा। उसके बाद ही सहयोगी दलों के साथ इस पर आम सहमति बनाई जाएगी। हालांकि जद(यू) और टीडीपी के बीच इस विषय पर आम सहमति नहीं बनती दिख रही है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी ने कहा कि एनडीए के सहयोगियों को सर्वसम्मति से उम्मीदवार तय करना चाहिए। जबकि बिहार के सीएम नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि वह भाजपा के फैसले का समर्थन करेगी। जद(यू) नेता केसी त्यागी ने कहा है कि उनकी पार्टी और टीडीपी एनडीए का हिस्सा हैं और लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा द्वारा नामित उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। त्यागी ने कहा कि अध्यक्ष हमेशा सत्तारूढ़ पार्टी का होता है, क्योंकि गठबंधन दलों में उसकी संख्या सबसे अधिक होती है। दूसरी ओर, टीडीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पट्टाभि राम कोम्मारेड्डी ने मीडिया से कहा कि उम्मीदवार का फैसला एनडीए के सहयोगियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। कोम्मारेड्डी ने कहा कि एनडीए के सहयोगी एक साथ बैठकर तय करेंगे कि स्पीकर के लिए हमारा उम्मीदवार कौन होगा?

---

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस लूट रही खटाखट टकाटकः मालवीय

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए



राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कैप्शन दिया, कांग्रेस लूट रही है खटाखट, टका टक। कांग्रेस की गारंटिया पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत, इसलिए पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल का यह बयान उन्होंने कोट किया है।

### ममता के भतीजे अभिषेक बेनर्जी अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम ममता बेनर्जी के भतीजे अभिषेक बेनर्जी को रविवार सुबह



कोलकाता के एक प्रॉइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी तृणमूल कांग्रेस के करीबी से सूत्रों ने बताया कि कि वह एक सर्जरी के लिए अस्पलात में भर्ती हुए हैं। अभिषेक बनर्जी बीते बुधवार को ही इस बात की जानकारी दी थी कि वे जल्दी ही राजनीति से छुट्टी लेंगे।

---

डेंटिस्ट बोर्ड ने परिषदों को दिया निर्देश

# इन 'नीम हकीमों' को बंद करने का आदेश दें, कानूनी कार्रवाई भी करें

एजेंसी ▶▶

देश में अब फर्जी डेंटिस्ट्स पर शिकंजा कसने वाला है। बढ़ती शिकायतों के बाद डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया आवश्यक चिकित्सा योग्यता के बिना डेंटिस्ट्स के रूप में काम करने वाले व्यक्तियों और ऐसे लोगों को रोजगार देने वाले क्लीनिकों पर शिकंजा कसने की योजना बना रही है।

देश में डीसीआई के साथ रजिस्टर्ड 270,000 डेंटिस्ट्स हैं और ये संख्या दुनिया में सबसे अधिक है।

बिना डिग्री जान खतरे में डाल रहे



#### कार्रवाई की रिपोर्ट भी पेश करें

डेंटिस्ट बोर्ड ने स्टेट डेंटिस्ट परिषदों को निर्देश दिया है कि वे किसी भी व्यक्ति या व्यवसाय के खिलाफ डेंटिस्ट एक्ट का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करें और तुरंत काम बंद करने के आदेश जारी करें। नियामक ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे बिना लाइसेंस वाले चिकित्सकों से डेंटिस्ट प्रक्रिया कराने से जुड़े खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाएं। यह भी अनिवार्य किया गया है कि की गई कार्रवाई और प्राप्त परिणामों की पूरी रिपोर्ट 30 दिनों के भीतर दी जाए। अप्रशिक्षित और अपंजीकृत कर्मियों का उपयोग करना डीसीआई के मान्यता प्राप्त उल्लंघनों में से एक है।

---

### पौड़ी में खाई में गिरी कार,4 लोगों की मौत



**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी में अनियंत्रित कार खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन बच्चे शामिल हैं। कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार में सवार सभी लोग शादी-समारोह में भाग लेने जा रहे थे। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटनास्थल पर एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई। जांच की जा रही है।

---

### प्रयागराज, हरिद्वार में आस्था की 'डुबकी'

गंगा दशहरा पर उमड़ा सैलाब



**हरिद्वार।** वाराणसी में गंगा दशहरा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा के दशाश्वमेध घाट पर डुबकी लगाई। घाटों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी है। लोग सवेरे से ही स्नान के लिए घाटों पर पहुंचे हैं। प्रयागराज, अयोध्या और हरिद्वार के गंगा घाटों पर भी भारी भीड़ रही। पटना में गंगा नदी में नाव पलट गई। परिवार के 17 लोग नदी में डूबने लगे। 13 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया, लेकिन 4 लोग लापता हैं।

---

### योग दिवस से पहले भारत समेत दुनियाभर में योग पर कार्यक्रम

# 128 साल के पद्मश्री स्वामी शिवानंद ने किया योग

21 जून को दुनियाभर में योग दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जगह-जगह योग से जुड़े इवेंट्स हो रहे हैं। मुंबई में भी एक इवेंट हुआ जहां हिंदी सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर सुभाष घई भी शामिल हुए।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पांच दिन बाद अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। मलाइका अरोड़ा से लेकर शिल्पा शेट्टी तक हिंदी सिनेमा से जुड़े कई सितारे नियमित योग करते हैं और इसके जरिए खुद को फिट भी रखते हैं।

योग दिवस नजदीक आ रहा है तो भारत समेत दुनियाभर में इवेंट्स रखे जा रहे हैं। एक्स पर योग डे इवेंट का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 128 साल के स्वामी शिवानंद योग करते हुए नजर आ रहे हैं। पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु इवेंट में कुछ योग आसन कर रहे हैं। इस उम्र में उन्हें योग करता दिख इवेंट में मौजूद सभी लोग तालियां बजाते नजर आए।

फिल्म निदेशक सुभाष घई भी उन्हें देख दंग रह गए और तालियां बजाने लगे।

स्वामी शिवानंद प्रतिदिन सुबह 3 बजे उठकर योग करते हैं

योग की वजह से अनिद्रा और तनाव की समस्या नहीं होती



#### योग गुरु के मुरीद हुए सुभाष

सुभाष घई ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इवेंट से एक फोटो शेयर की है और अनुभव शेयर किया है। वे दुनिया के सबसे बुजुर्ग शख्स स्वामी शिवानंद को सम्मानित करते हुए एक फोटो शेयर की। घई ने कैप्शन में लिखा, योग के कारण एक व्यक्ति 128 सालों से अधिक एक्टिव रह सकता है। शिलोका योग फाउंडेशन द्वारा आयोजित योग बड़ा अनुभव रहा।

---

### केरल राज्यपाल ने कहा

# संविधान कभी भी खतरे में नहीं था और न कभी रहेगा

एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा संविधान न कभी खतरे में था और न कभी होगा। भारत में कानून का शासन है। रविवार को अपने पैतृक जिला बुलंदशहर पहुंचे आरिफ ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

खान ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्षी गठबंधन की तरफ से संविधान के खतरे में होने का डर दिखाए जाने की बात पर कहा कि संविधान में समय-समय पर संशोधन होते रहे हैं और संविधान का जो मूल ढांचा है उसकी अपनी एक पवित्रता है।खान ने जम्मू कश्मीर के हालिया आतंकी घटनाओं पर कहा कि इसका नई सरकार के गठन से कोई लेना-देना नहीं है। पहली बार कश्मीर में इतनी बड़ी संख्या में लोग वोट करने के लिए घरों से निकले और कश्मीर में तेजी के साथ स्थिति सामान्य हो रही है। बड़े पैमाने पर वोटिंग हुई है।

**खबर संक्षेप**

### पूंजीकरण में एलआईसी सबसे अधिक लाभ में




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 85,582.21 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। शेयर बाजार के सकारात्मक रुख के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सबसे अधिक लाभ में रही।

### आरबीआई ने सेंट्रल बैंक पर लगाया जुर्माना



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'ऋण और अग्रिम' तथा 'ग्राहक संरक्षण' से संबंधित निर्देशों का पालन न करने पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 1.45 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2022) के लिए इसका वैधानिक निरीक्षण किया था।

### एयरटेल ने स्पेक्ट्रम की बकाया रकम चुकाई




**नई दिल्ली।** एयरटेल ने 2012 और 2015 में आवंटित स्पेक्ट्रम के लिए दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूरा बकाया चुका दिया है। एयरटेल ने 2012 की नीलामी में 8.67 करोड़ रुपये और 2015 की नीलामी में 29,129 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम सरकार से हासिल किए थे। 'दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूर्व-भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ ही कंपनी ने वर्ष 2012 और 2015 की नीलामी में प्राप्त स्पेक्ट्रम से संबंधित सभी स्थगित देनदारियों का पूर्ण भुगतान कर दिया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# करना है आईटीआर फाइल तो इन डॉक्यूमेंट्स को रखें तैयार, नहीं होगी कोई दिक्कत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिना पेनल्टी के आप 31 जुलाई, 2024 तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। अगर आप खुद रिटर्न फाइल करना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं।


- बिना पेनल्टी के आप 31 जुलाई 2024 तक इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकते हैं

यह पूरा प्रोसेस ऑनलाइन है। अगर आप पहली बार इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर रहे हैं तो कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। रिटर्न फाइल करने से पहले हर टैक्सपेयर को कुछ जरूरी डॉक्यूमेंट्स को अपने पास रखना चाहिए। इससे रिटर्न दाखिल करने में आपको किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**वित्त वर्ष 2022-23 और असेसमेंट वर्ष 2023-24 के लिए प्रक्रिया शुरू**

### फॉर्म-16 है आवश्यक

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने के लिए फॉर्म-16 बेहद जरूरी है। हर नौकरी करने वाले व्यक्ति को उसकी कंपनी यानी नियोक्ता फॉर्म-16 जारी करती है। फॉर्म-16 एंप्लायर यानी नियोक्ता द्वारा जारी किया जाता है। इसके जरिए इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाता है। फॉर्म-16 में करदाताओं की ग्रॉस इनकम के साथ-साथ, नेट इनकम और इनकम में से काटे गए टीडीएस के बारे में जानकारी दर्ज होती है।




*निवेश के प्रूफ : अगर आपने टैक्स सेविंग के लिए इनकम टैक्स की धारा 80 सी, 80 सीसीसी और 80 सीसीडी के तहत निवेश किया है तो आप निवेश के प्रूफ के साथ टैक्स छूट के लिए क्लेम कर सकते हैं। छूट को क्लेम के लिए यह एक सबूत की तरह काम करता है।*

### कैपिटल गेन के दस्तावेज भी हैं जरूरी

अगर आपने म्युचुअल फंड, शेयर बाजार या प्रॉपर्टी के जरिए निवेश करके कमाई की है तो इसे कैपिटल गेन कहते हैं। आईटीआर फाइल करते वक्त कैपिटल गेन के जरिए हुई कमाई की जानकारी देना भी आवश्यक है।

### होम लोन स्टेटमेंट

अगर आपने किसी बैंक या एनबीएफसी से होम लोन ले रखा है तो आप पिछले वित्त वर्ष के लिए लोन स्टेटमेंट को बैंक से लेने बिल्कुल न भूलें। इससे यह पता चलेगा की आपने लोन पर कितना ब्याज चुकाया है। आप इनकम टैक्स की धारा 24 के तहत होम लोन पर चुकाए गए ब्याज पर टैक्स छूट भी क्लेम कर सकते हैं।

### आधार कार्ड और पैन कार्ड है आवश्यक

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त आधार और पैन के डिटेल्स को देना भी आवश्यक है। ऐसे में आप रिटर्न फाइल करने से पहले इन दोनों डॉक्यूमेंट्स को अपने पास जरूर रखें। इसके साथ ही अगर आपके पास एक से अधिक बैंक खाते हैं तो उनकी जानकारी देना भी जरूरी है।

### सैलरी स्लिप भी है जरूरी

इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करते वक्त टैक्सपेयर के पास अपनी सैलरी स्लिप भी होनी चाहिए। सैलरी स्लिप में व्यक्ति की सालाना इनकम। डीए, हाउस रेट आदि की जानकारी दर्ज होती है।

## पीईएसबी ने चेयरमैन व सीएमडी के लिए लिया था साक्षात्कार

# पीईएसबी को नहीं मिला एचपीसीएल प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) के प्रमुख पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी ने हाल में एचपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए साक्षात्कार लिया था, लेकिन उसे सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा।

तीन साल में यह तीसरा मौका है जबकि जब बोर्ड को किसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख के पद के लिए कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला है। पीईएसबी सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पदों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार की खोज करता है। पीईएसबी ने 14 जून को इस पद के लिए कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था।

- बोर्ड को इनमें से कोई उम्मीदवार उपयुक्त नहीं लगा
- तीन साल में तीसरा मौका जब बोर्ड को उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिला




### आईजीएल के एमडी शामिल थे

जिन लोगों का साक्षात्कार लिया गया उनमें एचपीसीएल निदेशक मंडल के एक सदस्य के अलावा इंद्रप्रस्थ गैस लि. (आईजीएल) के प्रबंध निदेशक भी शामिल थे। लेकिन पीईएसबी को इनमें से कोई उम्मीदवार इस पद के उपयुक्त नहीं लगा।

### एचपीसीएल प्रमुख का पद एक सितंबर 2024 को होगा खाली

एचपीसीएल के प्रमुख का पद एक सितंबर, 2024 को खाली हो जाएगा। उस समय कंपनी के मौजूदा चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पुष्प कुमार जोशी 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु पूरी करने पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। पीईएसबी को इससे पहले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) और ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) में शीर्ष पद के लिए कोई उपयुक्त व्यक्ति नहीं मिला था।

- पीईएसबी ने 14 जून को कुल आठ उम्मीवारों का साक्षात्कार लिया था

### उचित तरीके से चुनने की सलाह

पीईएसबी पैनल ने एक अधिसूचना में कहा, 'बोर्ड ने एचपीसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद के लिए किसी भी उम्मीदवार की सिफारिश नहीं की और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय को खोज-सह-चयन समिति (एससीएससी) सहित चयन के लिए आगे की कार्रवाई का उचित तरीका चुनने की सलाह दी।'

### किसी नाम की सिफारिश नहीं

आईओसी के मामले में पीईएसबी ने श्रीकांत माधव वैद्य का स्थान लेने के लिए किसी के नाम की सिफारिश नहीं की। वैद्य को 2023 में सेवानिवृत्त होना था। पीईएसबी ने इस पद के लिए कुल 10 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था। कोई उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलने के बाद एक 'अनूठा' कदम उठाते हुए सेवानिवृत्ति की तारीख के बाद एक साल के लिए अनुबंध के आधार पर वैद्य को पुनः कंपनी का प्रमुख नियुक्त कर दिया गया।

### ओएनजीसी प्रमुख का सेवाकाल बढ़ा था

इसके चलते आईओसी के प्रमुख का कार्यकाल सेवानिवृत्ति की उम्र पूरी होने के बाद एक साल बढ़ाया गया। वहीं ओएनजीसी का प्रभार एक सेवानिवृत्त कार्यकारी को सौंपा गया। पीईएसबी ने तीन जून, 2021 को भारत की सबसे बड़े तेल एवं गैस उत्पादक ओएनजीसी के प्रमुख के पद के लिए दो सेवारत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों सहित नौ उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया।

### ये नौकरशाह उपयुक्त पाया गए थे

लेकिन इसमें न तो वरिष्ठ नौकरशाह अविनाश जोशी और नीरज वर्मा और न ही मेंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में निदेशक-वित्त पोमिला जसपाल और ओएनजीसी के प्रौद्योगिकी और फील्ड सेवाओं के निदेशक ओम प्रकाश सिंह को इस पद के उपयुक्त पाया गया।

## बैटरी सेल के लिए महिंद्रा वैश्विक भागीदारी तलाश रही : शाह

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



महिंद्रा समूह स्थानीय स्तर पर बैटरी सेल के उत्पादन के लिए वैश्विक कंपनियों के साथ भागीदारी की संभावना तलाश रहा है। भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने को समूह ऐसा कर सकता है। महिंद्रा समूह के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने साक्षात्कार में यह जानकारी दी।

शाह ने कहा कि कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक वाहन इकाई महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड (एमईएएल) की संभावित सूचीबद्धता के लिए 2030 की समयसीमा पर विचार कर रही है। शाह ने कहा, 'एक क्षेत्र जिसपर हम अधिक बारीकी से गौर कर रहे हैं वह सेल विनिर्माण है और यह एक ऐसी चीज है जहां विभिन्न विचार हैं... अगर हमें लगता है कि यह हमारे लिए जरूरी है, तो हम सेल विनिर्माण के लिए साझेदारी पर विचार करेंगे।' उन्होंने कहा, ''हम एक वैश्विक प्रौद्योगिकी भागीदार और संभावित रूप से निजी इक्विटी भागीदारों पर भी गौर करेंगे क्योंकि हम पूरी पूंजी नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम इस पहल को अमलीजामा पहना पाते हैं, तो देश में बेटरी सेल का स्थानीय उत्पादन शुरू हो सकेगा।

### उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी

यह पूछे जाने पर कि क्या इसके लिए उत्पादन सुविधा भारत में बनेगी, शाह ने कहा, ''हमारे लिए ऐसा करने का एकमात्र कारण स्वदेशीकरण करना है। इसलिए अगर हम उस रास्ते पर चलते हैं, तो यह भारत में ही होगा।' एमईएएल को सूचीबद्ध करने की योजना पर शाह ने कहा कि यह कम से कम अगले तीन से पांच साल में नहीं होने वाला है।

### ग्रोवैल्यू फिन सर्विसेज का पंजीकरण रद्द



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने नियामकीय मानकों का उल्लंघन करने पर ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अप्रैल 2021 से अगस्त 2022 तक सेबी के पास पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक फर्म ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े मामलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण यह पता लगाने के लिए किया गया था कि क्या फर्म के बहीखाते और रिकॉर्ड सही ढंग से तैयार किए जा रहे थे और क्या फर्म सेबी के अनुसंधान विश्लेषक मानदंडों के प्रावधानों का पालन कर रही थी। सेबी के मुख्य महाप्रबंधक जी रामर ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ता (ग्रोवल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज) ने अनुसंधान विश्लेषक विनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।

# एसबीआई अनुषंगी कंपनियों का कारोबार बढ़ाने करेगा मौद्रीकरण

- एसबीआई चेयरमैन खारा ने कहा बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा।

इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिये होगा। उन्होंने कहा, 'इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है।' खारा ने कहा, 'शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे। उसके बाद ही हम इन कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी का मौद्रीकरण करने के लिए पूंजी बाजार में जाने की सोचेंगे। लेकिन, चालू वित्त वर्ष में ऐसा नहीं होगा।'

*एसबीआई इंश्योरेंस का लाभ 30 फीसदी बढ़ा: वित्त वर्ष 2023-24 में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ 30.4 प्रतिशत बढ़कर 240 करोड़ रुपये हो गया। एसबीआई पेमेंट सर्विसिज प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी एसबीआई के पास है। बाकी हिस्सा हिताची पेमेंट सर्विसिज के पास है।*

### वैश्विक रुख पर निर्भर करेगी करेगी शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** घरेलू मोर्चे पर किसी प्रमुख संकेतक के अभाव में इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक रुख पर निर्भर करेगी। कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बाजार मुख्य रूप से विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से दिशा लेगा। वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों वाला है और किसी बड़े संकेतक का अभाव है। बजट को लेकर चर्चा के बीच हमें क्षेत्र विशेष के शेयरों में गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। मुख्य रूप से बाजार का रुख मानसून की प्रगति तथा संस्थागत निवेशकों के प्रवाह पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर चीन के आंकड़े, डॉलर सूचकांक का उतार-चढ़ाव तथा अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। सोमवार को 'बकरीद' के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

## राशिफल

**मेष** वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

# पेटीएम की यह बिजनेस बेचने जोमाटो से बातचीत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

संकट में फंसी पेटीएम ने अपने मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी जोमाटो से बातचीत की जा रही है। फिनटेक कंपनी पेटीएम ने यह फैसला रीस्ट्रक्चरिंग के तहत लिया है।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बैन लगाए जाने के बाद पेटीएम के कारोबार को तगड़ा झटका लगा है। ऐसे में वह गिरती हुई




सेल्स को संभालने के लिए एक साथ कई विकल्प पर काम कर रही है। बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी के साथ ही कुछ कारोबार हटाकर पेटीएम अपने पेमेंट बिजनेस पर ध्यान देना चाहती है।

### यूपीआई पेमेंट सेगमेंट पर ध्यान देना चाहती है पेटीएम

रिपोर्ट के अनुसार, मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचने के लिए पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस और जोमाटो के बीच बातचीत शुरू हो चुकी है। मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस को बेचकर कंपनी यूपीआई पेमेंट सेगमेंट में अपनी खोई हुई इज्जत को वापस हासिल करने का प्रयास करेगी।

### पहली बार पेटीएम की सेल में आई गिरावट

विजय शेखर शर्मा के नेतृत्व वाली कंपनी पेटीएम ने पिछले महीने बताया था कि उसकी सेल्स में पहली बार गिरावट आई है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के चलते कंपनी के फिनटेक बिजनेस को बहुत नुकसान पहुंचा है। अपने बिजनेस को बचाने के लिए कंपनी ने 4 बैंकों का सहारा लिया है। फिलहाल मूवी और इवेंट टिकटिंग बिजनेस की डील को लेकर पेटीएम और जोमाटो ने चुप्पी साधी हुई है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री मणि फरसैया, एम.वी. क्लोथिंग कंपनी के मालिक, कार्यालय** – डी–901, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली –25, **उमेश शर्मा, पुत्रः** श्री वी. के. शर्मा, **पताः** 9–बी, पॉकेट बी, डीडीए फ्लैट्स, वेस्ट गोरखपार्क, शाहदरा, दिल्ली – 110032, **विशाल कुमार, पुत्रः** श्री आनंद कुमार, **पताः** ई–329, छज्जुपुर, शाहदरा, दिल्ली, ने क्रमशः case **Reg. No. 521759/16, CCN - 17790/18, Case No. - 513359/16, U/s 138 NI Act, थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री मणि फरसैया, उमेश शर्मा एवं विशाल कुमार** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री मणि फरसैया, उमेश शर्मा एवं विशाल कुमार** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि case **Reg. No. 521759/16, CCN - 17790/18, Case No. - 513359/16, U/s 138 NI Act, थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री मणि फरसैया, उमेश शर्मा एवं विशाल कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए क्रमशः दिनांक **18.07.2024, 25.07.2024 एवं 30.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिव्या गुप्ता एवं श्री नितिस कुमार शर्मा
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नंबर 02, 201, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7419/CD/2024
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 5544




**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5543 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | व | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| व | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | वा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्जी | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |



# यूरो कप : अल्बानिया ने सबसे तेज 23वें सेकंड में दागा गोल, लेकिन जीता इटली

एजेंसी ▶▶| डॉर्टमंड

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।






### बजरामी ने रचा इतिहास

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी।

### स्पेन के दानी सबसे उम्रदराज गोल स्कोरर

स्पेन ने क्रोएशिया को 3-0 से हरा दिया। स्पेन के लिए कप्तान अल्वारो मोराटा ने 29वें मिनट, फैबियन रूइज ने 32वें मिनट और कार्वाहाल ने 45+2वें मिनट में गोल दागे। दूसरे हाफ में कोई गोल नहीं हो सका। हालांकि, क्रोएशिया की टीम को पेनल्टी मिला था, लेकिन टीम उसमें गोल करने में नाकाम रही। ग्रुप-बी का दूसरा मुकाबला इटली और अल्बानिया के बीच खेला जाएगा। दानी कार्वाहाल यूरो कप में 32 वर्ष और 156 दिन की उम्र में गोल दागा। वह स्पेन के लिए इस टूर्नामेंट में गोल स्कोर करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनके



गोल को 16 साल 338 दिन की उम्र के लैमिन यमाहाल ने असिस्ट किया। यमाहाल प्रतियोगिता के इतिहास में असिस्ट करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

## खबर संक्षेप



### रंधावा लीजेंड्स टूर के क्वार्टर में हारे

**हर्टफोर्डशर।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

### कोहली की फॉर्म चिंता का विषय नहीं: राठौड़

**लॉडरहिल।** विराट कोहली मौजूदा टी20 विश्व कप में अभी तक तीन मैच में केवल पांच रन बना पाए हैं। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है क्योंकि नेट पर वह बेहतरीन लय में लग रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक रन बनाने वाले कोहली विश्व कप में अभी तक इस तरह का जलवा नहीं दिखा पाए हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ एक और पाकिस्तान के खिलाफ चार रन ही बनाए जबकि अमेरिका के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए थे।



### त्रिपुरा में जिम्नास्टिक में काफी संभावनाएं

**अगरतला।** जिम्नास्टिक में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार हासिल करने वाले कोच बिश्वेश्वर नंदी को त्रिपुरा के जिमनास्टों से वैश्विक मंच पर चमकने की उम्मीद है। नंदी शीर्ष जिमनास्ट दीपा करमाकर के कोच भी हैं, जो 2016 रियो ओलंपिक में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। नंदी ने कहा, 'त्रिपुरा में जिम्नास्टिक में काफी संभावनाएं हैं। छह से सात लड़कियां राष्ट्रीय स्तर ही नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता दिखा रही हैं। जिम्नास्टिक एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, चोट लगने की संभावना वाला और तकनीकी खेल है। इसमें कोच का उचित मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है।'



### महिला टीम 5वें और पुरुष टीम छठे स्थान पर रही



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालीफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली।

## क्रिकेट : स्कॉटलैंड के भी 5 अंक, पर इंग्लैंड रन रेट में बेहतर

# ऑस्ट्रेलिया जीता, स्कॉटलैंड की हार से सुपर-8 में पहुंचा इंग्लैंड

एजेंसी ▶▶| ग्रॉस आइलेट

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर-8 में जगह पक्की की। बेहतर रनरेट के कारण ग्रुप बी के सभी मैचों के बाद इंग्लैंड दूसरे नंबर पर रहा, जबकि स्कॉटलैंड ने तीसरे स्थान पर फिनिश किया। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया।



### पाक ने आयरलैंड को हराकर जीत से अभियान खत्म किया

**लॉडरहिल (भाषा)।** पाकिस्तान ने शाहीन शाह अफरीदी की अगुआई में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम की नाबाद 32 रन की पारी से रविवार को यहां टी20 विश्व कप के बेमानी ग्रुप मैच में आयरलैंड को तीन विकेट से हराकर सांत्वना भरी जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने शानदार गेंदबाजी से आयरलैंड को 20 ओवर में नौ विकेट पर 106 रन ही बनाने दिये। पर आयरलैंड ने भी अपने गेंदबाजों की बदौलत यह लक्ष्य पाकिस्तान के लिए चुनौतीपूर्ण बना दिया जिसने 18.5 ओवर में सात विकेट पर 111 रन बनाकर जीत दर्ज की। आजम (34 गेंद में दो चौके) अंत तक क्रीज पर रहे जबकि शाहीन शाह अफरीदी ने पांच गेंद में दो छक्के से नाबाद 13 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी। दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो गयी थीं जिससे यह ग्रुप मैच केवल औपचारिकता भरा था। आयरलैंड की टीम ग्रुप में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी। आयरलैंड के लिए बैरी मैकार्थी ने चार ओवर में एक मेडन से 15 रन देकर तीन विकेट झटके।

### इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

*नॉर्थ साउंड। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 41 रन से हराकर टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए नामीबिया के खिलाफ जीत जरूरी थी लेकिन लगातार बारिश होने के कारण एक समय उसकी उम्मीद धूमिल पड़ती नजर आ रही थी। आखिर में तीन घंटे की देरी के बाद मैच शुरू करने का फैसला किया गया और इसे 11 ओवर का कर दिया गया। बीच में बारिश आने के कारण मैच 10 ओवर का कर दिया गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट पर 122 रन बनाए। नामीबिया को डकवर्थ लुइस पद्धति से 126 रन बनाने का लक्ष्य मिला लेकिन उसकी टीम तीन विकेट पर 84 रन ही बना पाई।*



## ओलंपिक क्वालीफायर

# तीरंदाज अंकिता भगत ने हासिल किया व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा



एजेंसी ▶▶| अंताल्या

भारतीय तीरंदाज अंकिता भगत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था।

इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 (24-26, 25-25, 28-20, 25-25, 27-25) और मिकाएला मोशे को 7-3 (28-25, 25-27, 27-27, 28-25, 26-25) से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

### 6-2 से जीती तीसरी वरीय भजन कौर

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 (29-27, 28-26, 26-29, 27-24) से हराया और प्री क्वार्टर फाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 (26-28, 25-27, 23-26, 24-25, 27-29) से मात दी।

## टी20 विश्व कप

# नेपाल पर जीत से अगले दौर में जगह बनाने उतरेगा बांग्लादेश



एजेंसी ▶▶| किंग्सटाउन

बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा।

### नीदरलैंड से सतर्क रहेगा श्रीलंका

*ग्रॉस आइलेट। टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज करके अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने के लिए बेताब श्रीलंका को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के यहां होने वाले मैच में नीदरलैंड से सतर्क रहना होगा। श्रीलंका की टीम अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और वह अपने ग्रुप में पांचवें स्थान पर है जबकि नीदरलैंड तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका पहले ही सुपर 8 की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन वह अपनी प्रतिष्ठा की खातिर नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में अपना सब कुछ झोंक देगा।*

### न्यूजीलैंड की निगाहें पीएनजी के खिलाफ बड़ी जीत पर

*टरूबा। पिछले 10 वर्षों में पहली बार सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने वाली न्यूजीलैंड की टीम पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ यहां होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके टी20 विश्व कप में अपने अभियान का समापन करने के लिए उतरेगी। न्यूजीलैंड का आईसीसी की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन रहा है लेकिन यहां उसने शुरू में लचर प्रदर्शन किया जिसके कारण वह सुपर आठ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया।*

### चेन्नई से शरत कमल और बेंगलुरु से मनिका 'रिटेन'

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए 'रिटेन' (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिए खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैम्पियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को 'रिटेन' किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिए बरकरार रखा है। यह चरण पहली बार आठ टीमों के बीच खेला जाएगा जो पहले छह टीम का हुआ करता था। इसमें अहमदाबाद एसजी पाइपर्स और जयपुर पैट्रियोट्स की टीम नई हैं। टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार छह मौजूदा फ्रेंचाइजी एक भारतीय खिलाड़ी को 'रिटेन' कर सकती थीं। पुणेरी पल्टन टीटी ने किसी भी खिलाड़ी को 'रिटेन' नहीं किया।

# लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी, जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। लवलीना ने कहा कि उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने से पेरिस ओलंपिक में मदद मिलेगी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था।



### पेरुगिया चैलेंजर के फाइनल में पहुंचे नागल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने शनिवार को स्पेन के पूर्व विश्व नंबर 37 बर्नबे जापाटा मिरालेस पर 7-6 (7-2) 1-6 6-2 से जीत हासिल करके पेरुगिया चैलेंजर के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनकी नजर इस साल अपने तीसरे खिताब पर है। इटली के लुसियानो डार्डेरी और जर्मनी के डेनियल अल्टमायर के बीच होने वाले मैच में जीतने वाला खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेगा और उसका सामना सुमित नागल से होगा। 26 वर्षीय नागल जो अब विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वोच्च 77वें स्थान पर हैं, उन्हें पहले सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने टाई-ब्रेकर में स्पेनिश खिलाड़ी को मात दी। लगातार टेनिस खेलते हुए नागल ने जर्मनी में हीलब्रॉन चैलेंजर की शुरुआत के बाद से लगातार नौवीं जीत हासिल की, जिसे उन्होंने इस महीने की शुरुआत में जीता था।

## क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्रेव का सुझाव

# टेस्ट क्रिकेट को आगे बढ़ाने भारत बने नेतृत्वकर्ता

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है। वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को 'नेतृत्वकर्ता की भूमिका' निभानी होगी।

सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। तीन अन्य पूर्ण सदस्य आयरलैंड, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे 2019 में शुरू की गई चैंपियनशिप का कभी हिस्सा नहीं रहे।



### बीसीसीआई नंबर एक बोर्ड

*ग्रेव ने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा, 'भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं। उन्होंने जिस तरह से खेल के तीनों प्रारूपों को खेलना जारी रखा है, वह शानदार रहा है। टेस्ट क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मुझे नहीं लगता कि यह कभी इतनी मजबूत रही होगी जितनी अब है।'*

### भारत की भूमिका अहम

ग्रेव ने कहा कि आईसीसी में भारत के रुख का काफी प्रभाव रहता है। उन्होंने कहा, 'आईसीसी द्वारा लिए जाने वाले प्रमुख निर्णयों में उनकी भूमिका काफी अहम रही है।। पिछले 12 महीनों में आईसीसी द्वारा हासिल की गई सबसे बड़ी चीजों में से एक में बीसीसीआई ने काफी समर्थन किया, जो कि क्रिकेट को ओलंपिक में वापस लाना है।' उन्होंने ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल के बाद हुई वापसी पर खुशी जताते हुए कहा, 'क्रिकेट के ओलंपिक में शामिल होने से बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। खासकर एसोसिएट सदस्य देश अब इस खेल के विकास के लिए सरकार और ओलंपिक संघों से धनराशि प्राप्त कर सकते हैं।'




# पहली बार भारतीय वायुसेना के 8 राफेल लड़ाकू विमानों ने लिया युद्धाभ्यास में भाग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बेहद चुनौतीपूर्ण मौसम और करीब शून्य से नीचे तापमान के बीच अमेरिका के अलास्का में एइलसन एयरफोर्स बेस पर आयोजित किया गया दस दिवसीय (4 से 14 जून तक) 'रेड फ्लैग-2024' युद्धाभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इसमें भारत के अग्रिम पंक्ति के अत्याधुनिक आठ राफेल लड़ाकू विमानों ने पहली बार भाग लिया। इस वर्ष का युद्धाभ्यास का दूसरा संस्करण था। मूलरूप से रेड फ्लैग को एक उन्नत हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास माना जाता है। जिसका अमेरिका की वायुसेना साल में चार बार आयोजन करती है। भारतीय वायुसेना द्वारा रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, इस बार युद्धाभ्यास में भारत के अलावा अमेरिका की वायुसेना (यूएसएएफ), सिंगापुर की वायुसेना (आरएसएएफ), ब्रिटेन की रॉयर एयरफोर्स (आरएएफ), नीदरलैंड की रॉयल एयरफोर्स (आरएनएलएएफ) और जर्मन लूफ्टवाफे ने भाग लिया।



सफलतापूर्वक संपन्न हुआ अमेरिका में आयोजित किया गया रेड फ्लैग युद्धाभ्यास

### लंबी दूरी तक भरी हवाई उड़ान

अभ्यास के दौरान अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अंतर-संचालन की अंतर्दृष्टि और बहुराष्ट्रीय वातावरण में सहयोगात्मक समझ शामिल थी। लंबी दूरी तक हवाई उड़ान भरने और रास्ते में हवा से हवा में ईंधन भरने का अनुभव युवा चालक दल के लिए रोमांचकारी अनुभव था। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। रेड फ्लैग अभ्यास के अनुभव से समृद्ध भारतीय वायु सेना अभ्यास 'तरंग शक्ति-2024' के दौरान अन्य देशों के प्रतिभागी दलों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है, जो इस वर्ष के अंत में होने वाला पहला भारतीय बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास है।

### मिशन में इंजीनियर और विशेषज्ञ शामिल हुए

*भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया।*



### मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई

यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे। भारतीय वायु सेना के चालक दल मिशन योजना में सक्रिय रूप से शामिल थे और अभ्यास के दौरान निर्दिष्ट मिशनों के लिए मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई।

### वायुसेना करेगी तरंग शक्ति युद्धाभ्यास

मालूम हो कि रेड फ्लैग एक बेहद व्यापक अंतरराष्ट्रीय युद्धाभ्यास था। जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर और भारत की वायु सेनाओं के करीब 100 से अधिक विमानों और 3 हजार से अधिक कर्मियों ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना इस साल के अंत में पहला बहुराष्ट्रीय हवाई युद्धाभ्यास तरंग शक्ति-24 का आयोजन करेगी। इसमें रेड फ्लैग के अनुभवों का काफी लाभ मिलेगा। वायुसेना ने बताया कि रेड फ्लैग युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए अमेरिका गई भारतीय वायुसेना की टुकड़ी की स्वदेश वापसी 24 जून को होगी। इससे पहले यह यूनान और मिस्र की वायु सेनाओं के साथ भी अभ्यास में भाग लेंगी।

### जी-7 के विचार-विमर्श में चीन के लिए स्पष्ट संकेत

# मेलोनी ने जी-7 के समापन में पीएम मोदी से कहा- भारत संग साझेदारी और करेंगे मजबूत



*मेलोनी ने कहा, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों की खोज की जो शुरुआत पीएम मोदी के साथ 2022 में हुई थी, वह आगे बढ़ चुकी है। अब इस साझेदारी को और मजबूत करने की ओर बढ़ चले हैं।*

एजेंसी ▶▶ बारी

जी-7 की मेजबान इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हुई बातचीत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के अवसरों की तलाश की है।

मेलोनी ने कहा, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के अवसरों की खोज की जो शुरुआत पीएम मोदी के साथ 2022 में हुई थी, वह आगे बढ़ चुकी है। अब इस साझेदारी को और मजबूत करने की ओर बढ़ चले हैं। मेलोनी ने यह भी कहा कि जी-7 के विचार-विमर्श में चीन के लिए स्पष्ट संकेत है कि हम बातचीत के लिए खुले हैं, लेकिन हमारी कंपनियों को स्वतंत्र व निष्पक्ष बाजार में समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होना चाहिए। मेलोनी ने भारत के नजरिये को आगे बढ़ाते हुए कहा, जी-7 हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी जिम्मेदारियों के लिए प्रतिबद्ध है।

### सम्मेलन में पीएम मोदी और ट्रूडो की हुई मुलाकात


*जी 7 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी की कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात हुई। इस दौरान खालिस्तान समर्थक उग्रवाद पर दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव बढ़ने के बाद दक्षिणी इटली के अपुलीया में आयोजित बैठक में पीएम मोदी और जस्टिन ट्रूडो के बीच यह पहली मुलाकात थी। उनकी आखिरी मुलाकात सितंबर में भारत में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर हुई थी।*



### मोदी ने दुनिया के सामने रखा भारत का दृष्टिकोण

*पीएम मोदी ने जी-7 के मंच से विश्व नेताओं के बीच तमाम अहम मसलों पर भारत का दृष्टिकोण पेश किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें इटली में उनके आगमन से रवानगी तक यात्रा की तमाम झलकियां दिखाई गई हैं।*

### गाजा में विस्फोट से 8 इजराइली सैनिकों की मौत



गाजा। दक्षिणी गाजा के राफा इलाके में हुए विस्फोट में 8 इजराइली सैनिक मारे गए। ये सभी सैनिक नेमर नाम के बख्तरबंद कॉम्बैट इंजीनियरिंग व्हीकल सीईव्ही के अंदर थे। जनवरी में गाजा में एक ब्लास्ट में 21 इजराइली सैनिक मारे गए थे, उसके बाद यह पहला ऐसा हादसा है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में सैनिक मारे गए हैं। राफा के तल अल-सुल्तान इलाके के उत्तरपश्चिमी हिस्से में हमास के आतंकी ठिकानों को तबाह करने निकली इजराइली सेना की एक टुकड़ी करीब 50 आतंकियों को मारकर लौट रही थी।

### हवा की गति 80 मील प्रति घंटा तक पहुंची, मची अफरा-तफरी

# न्यू जर्सी में बवंडर ने मचाई तबाही, कई जगह भूस्खलन, कारें पलटीं-पेड़ उखड़े

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

न्यू जर्सी में भारी बारिश और हवाओं के साथ भीषण तूफान आया। वहीं, मर्सर काउंटी में भूस्खलन के बाद आए बवंडर ने भारी तबाही मचाई है। बवंडर की वजह से कई पेड़ टूट गए हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, लॉरेंस टाउनशिप में कोनोको गैस स्टेशन के पास 80 मील प्रति घंटे की गति से बवंडर आया। बवंडर की वजह से पेड़ टूट गए, जिनमें से एक पेट्रोल स्टेशन पर जा गिरा। वहीं एक डाकघर की पार्किंग में खड़ी कई कारें पलट गईं। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि बवंडर शाम पांच बजकर 59 मिनट से छह बजे के बीच आया। यह करीब 210 मीटर तक फैला और अधिकतम चौड़ाई 55 मीटर थी।






### बवंडर के लिए जिम्मेदार बना चक्र

अधिकारियों के अनुसार, बवंडर के लिए जिम्मेदार चक्र, पेंसिल्वेनिया के बक्स काउंटी में तूफानों के कारण चली हवाओं और पूर्व दिशा से आने वाली समुद्री हवा के टकराव के कारण उत्पन्न हुआ था। मौसम की यह घटना ऐसे समय में हुई है, जहां अगले सप्ताह के लिए हीटवेव का अनुमान लगाया गया था।

### क्या है भूस्खलन बवंडर ?

भूस्खलन बवंडर थोड़े अलग होते हैं। वह ऊपर से घूमते हुए गरज के साथ विकसित होने के बजाय जमीन से ऊपर की ओर बनते हैं। उनका छोटा आकार और मानक रडार रेंज से नीचे की संरचना के कारण अक्सर उनका पूर्वानुमान लगाना और उनका पता लगाना कठिन हो जाता है।



### खराश और सूजन से होती है इस बीमारी की शुरुआत

अब तक 977 केस मिले

# जापान में फैला मांस खाने वाला बैक्टीरिया, इससे 48 घंटे में मौत

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान में कोरोना के बाद अब एक नई खतरनाक बीमारी सामने आई है। इसमें बैक्टीरिया मरीज के शरीर का मांस खाने लगता है। बीमारी का नाम स्ट्रेप्टोकॉकल टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम एसटीएसएस है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बीमारी से 48 घंटे में मरीज की मौत हो जाती है।

जापान में अब तक इसके 977 केस सामने आ चुके हैं। यह बीमारी ग्रुप ए स्ट्रेप्टोकॉकस (गैस) बैक्टीरिया की वजह से होती है। यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक है। इससे संक्रमित लोगों में सबसे पहले सूजन और गले में खराश होती है। इसके अलावा शरीर में दर्द, बुखार, लो बीपी, नेक्रोसिस ( शरीर के टिशू मर जाते हैं), सांस लेने में समस्या, ऑर्गन फेलियर जैसी समस्याएं भी होती हैं। इसके कुछ ही घंटों बाद मौत हो जाती है। स्ट्रेप्टोकोकस बीमारी अब यूरोप के 5 देशों तक फैल चुकी है। इनमें ब्रिटेन, फ्रांस, आयरलैंड, नीदरलैंड और स्वीडन शामिल है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109